हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 अगस्त 2026

खबर संक्षेप

राजयोगिनी मनोरमा दीदी का आज आगमन

राजनांदगांव। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका, प्रेरणादायी आध्यात्मिक वक्ता, संस्था के धार्मिक विंग की राष्ट्रीय संयोजिका, ब्रह्माकुमारीज प्रयागराज की निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मनोरमा दीदी का कल 7 अगस्त को राजनांदगांव आगमन हो रहा है। उनके सानिध्य में ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव द्वारा ज्ञान मानसरोवर परिसर में 7 अगस्त को विशेष योग तपस्या भट्ठी का आयोजन किया गया है।

ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने बताया कि मनोरमा दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम आध्यात्मिक उन्नति, आत्म-परिवर्तन और जीवन-मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारीज परिवार के सदस्य, राजयोग साधक तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। यह योग तपस्या भट्ठी सुबह 7 से रात्रि 8 बजे तक रहेगी।

19 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

राजनांदगांव। श्री रामायण प्रचारक समिति द्वारा विगत 83 वर्षों से परम श्रद्धेय संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष भी सर्वजन कल्याणार्थ व अध्यामिक चेतना को जागृत करने की भावना से सामूहिक रूप से भी रामचरित मानस का नवान्ह परायण 7 से 15 अगस्त तक, अखंड पाठ 16 अगस्त हवन पूर्णाहूति, 17 अगस्त को अनुष्ठान किया जाना है। 18 अगस्त को जिला स्तरीय शालेय मानस पर व्याख्यान माला प्रतियोगिता एवं 19 अगस्त को दोपहर 3 बजे गोस्वामी तुलसी दास जयंती पर भव्य शोभायात्रा अध्यक्ष पं. मिथलेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में निकाली जाएगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी मानस प्रेमी भाई-बहनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

पिछले एक पखवाड़े से मचे हंगामे के बीच पार्टी का बड़ा एक्शन

डोंगरगढ़ भाजपा की पूरी कार्यकारिणी भंग, 5 कार्यकर्ता पार्टी से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के राजनीतिक गलियारों में पिछले एक पखवाड़े से मचे हंगामे के बीच जिला भाजपा संगठन ने बड़ा एक्शन लिया है। डोंगरगढ़ शहर मंडल भाजपा में लंबे समय से उबल रही अंदरूनी खींचतान और असंतोष के बीच पार्टी ने पूरी कार्यकारिणी को ही भंग करने का आदेश जारी कर दिया है। वहीं पांच लोगों को पार्टी से निष्कासित करने का फैसला लिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से डोंगरगढ़ भाजपा इकाई में आंतरिक मतभेद चरम पर थे और स्थानीय स्तर पर गुटबाजी लगातार बढ़ती जा रही थी। विवाद की स्थिति तब और भी गंभीर हो गई, जब प्रिंस कक्कड़ के नेतृत्व में सवा सौ से अधिक निष्ठावान कार्यकर्ताओं और स्थानीय पदाधिकारियों ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा सौंपकर अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इस्तीफों के इस मामले से संगठन का ढांचा बुरी तरह चरमरा गया था और विरोधियों को भी तंज कसने का मौका मिल गया था। इसके बाद से ही डोंगरगढ़ की राजनीति गरमाई हुई थी और जिला व प्रदेश नेतृत्व पर इस गतिरोध को खत्म करने तथा कड़े फैसले लेने का भारी दबाव बना हुआ था। सूत्रो ने बताया कि जिन कार्यकत्ताओं ने इस्तीफा दिया था, उनका इस्तीफा भाजपा संगठन ने अस्वीकार भी कर दिया है।

खास बातें

- लंबे समय से चल रहा था शहर भाजपा में विवाद
- जिला भाजपा संगठन ने कार्यकर्ताओं का इस्तीफा अस्वीकारा

पार्टी ने की थी बैठक, नहीं सुलझा मामला, अब एक्शन

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ मंडल से भाजपा कार्यकर्ताओं के एक साथ इस्तीफा देने के बाद जिला संगठन भी हरकत में आ गया था। दो दिनों के भीतर ही डोंगरगढ़ में वरिष्ठ नेताओं के साथ ही नाराज कार्यकर्ताओं की एक बैठक भी की गई थी। उसके बाद भी मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा था। जिसके बाद जिला भाजपा के कोर ग्रुप में भी इस विषय पर चर्चा की गई और जिसके बाद यह बड़ा फैसला लिया गया है।

इन चेहरों को किया बाहर

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीन दौर की बैठक के बाद लिए गए निर्णय अनुसार पार्टी से प्रिंस कक्कड़, वीरेंद्र साहू, संतोष राव, मोंटी भाटिया और अनिल पांडे को पार्टी से निकाला गया है। मिली जानकारी के अनुसार इस्तीफा देने वाले कई कार्यकर्ता स्वतः ही अपना इस्तीफा वापस ले चुके हैं। ऐसे में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

नए सिरे से होगा मंडल भाजपा का गठन

इस बड़े फैसले के बाद से ही डोंगरगढ़ में भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच नए समीकरण बनने लगे हैं। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का दावा है कि इस कार्रवाई से पार्टी के भीतर अनुशासन कायम होगा और सही व समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। जिला भाजपा अब बहुत जल्द डोंगरगढ़ में नए सिरे से ऊर्जावान और निष्ठावान चेहरों को शामिल करते कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने की योजना बना रही है।

प्रदेश संगठन भी था सक्रिय

ज्ञात हो कि भाजपा प्रदेश संगठन भी इस मामले में लगातार मॉनिटरिंग कर रहा था और स्थानीय स्तर के हर एक घटनाक्रम की पल-पल की रिपोर्ट जुटा रहा था। प्रदेश संगठन का स्पष्ट मानना था कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर गुटबाजी या बगावत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य स्तरीय नेताओं की निरंतर निगरानी में यह तय किया गया कि संगठन को पटरी पर लाने के लिए बड़े पैमाने पर सफाई अभियान की जरूरत है। इसी रणनीति के तहत नवीन मार्कण्डेय की अनुशंसा पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने मंडल कार्यकारिणी को भंग करने तथा छह प्रमुख चेहरों को बाहर का रास्ता दिखाने का फरमान जारी कर दिया।

जिले में 42 हजार सदस्यों के कार्ड का केवाईसी नहीं राशन का आबंटन रूका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से हितग्राही परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी बीच फर्जी तरीके से राशन आबंटन को रोकने के लिए हितग्राही परिवारों के सभी सदस्यों को ई-केवाईसी कराने कहा गया था।

लगभग एक वर्ष बीतने के बाद भी जिले में अब तक लगभग 2 लाख 26 हजार राशन कार्डधारी परिवारों ने ही ई-केवाईसी कराया हुआ है, लेकिन लगभग 42 हजार सदस्यों का केवाईसी नहीं होने के चलते उनका राशन आबंटन रूका हुआ है। बताया जा रहा है कि केवाईसी नहीं कराने वाले परिवारों में अधिक संख्या एपीएल कार्डधारियों की है, जिन्होने केवाईसी कराने में रूचि नहीं दिखाई है।

रोका गया वितरण

जिन परिवारों का केवाईसी नहीं हुआ है, उनका राशन वितरण इस महीने से रोका गया है।

- रविंद्र सोनी, जिला खाद्य अधिकारी

ढाई लाख कार्डधारी

जिले में राशन कार्डधारी कुल परिवारों की संख्या 2 लाख 68 हजार है। जिसमें 9 लाख 66 हजार सदस्य शामिल हैं। इसमें लगभग 34 हजार एपीएल कार्ड के हितग्राही हैं। वहीं जिले में प्रतिमाह लगभग साढ़े 8 हजार मीट्रिक टन राशन का आबंटन सार्वजनिक वितरण प्रणाली की 498 दुकानों के माध्यम से होता है। केवाईसी नहीं कराने के चलते लगभग 42 हजार सदस्यों का आबंटन रोक दिया गया है।

थम और फेस से केवाईसी

जिला खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में केवाईसी नहीं करवाने वाले परिवारों के राशन का आबंटन रोका गया है। केवाईसी करवाने के बाद राशन का आबंटन शुरू हो जाएगा। बताया गया कि पीडीएस के राशन दुकानों में हितग्राही निःशुल्क थम और फेस कैप्चर के माध्यम से केवाईसी करा सकते हैं।

केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत 15 लाख की आर्थिक सहायता

डेढ़ दशक पहले नक्सल घटना में पति को गंवाया, पत्नी को मिले 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर के अंतर्गत ग्राम सुडियाल में 22 मार्च 2010 को नक्सली घटना हुई थी। जिसमें गंगाराम की उनके घर के सामने ही हत्या कर दी गई थी। स्व. गंगाराम की पत्नी श्रीमती रामसोबाई को केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत कुल 15 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी इकाई के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवारों को शासन की योजना के तहत राहत एवं सहायता प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य स्व. गंगाराम की पत्नी श्रीमती रामसोबाई को शासन की ओर से कुल 15 लाख रुपए की केंद्रीय सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

अधिकारी रहे उपस्थित

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह द्वारा श्रीमती रामसोबाई को यह सहायता राशि प्रदान की गई। सुरक्षित भविष्य और आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से इस कुल राशि में से 12 लाख रुपए फिक्स डिपाजिट के रूप में तथा 3 लाख रुपए चेक के माध्यम से उन्हें सौंपे गए। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पवार, मुख्य लिपिक प्रशांत राहुल एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखा प्रभारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अवैध रूप से गांजा बिक्री, आरोपी पकड़ा गया

छुईखदान। अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 5 अगस्त को मुखबीर से सूचना मिली कि प्रकाश वर्मा अपने घर के बगल झाडियों में अवैध रूप से गांजा रखकर ग्राम खैरानवापारा में आम लोगों को अवैध धन अर्जित करने की नीयत से बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल आरोपी के घर बगल झाडियों में ग्राम खैरानवापारा में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया। आरोपी प्रकाश वर्मा 50 साल खैरानवापारा के कब्जे से एक सफेद-हरा रंग की प्लास्टिक की बोरी। जिसमें एक पालीथिन के अंदर एक प्लास्टिक के छोटे पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 54 पैकेट जिसका वजन 220 ग्राम एवं एक पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा 45 ग्राम जुमला वजन 265 ग्राम, एक सफेद-हरा रंग की प्लास्टिक की बोरी सहित वजन 335 ग्राम कीमती 2500 रुपए व बिक्री रकम 600 रुपए को कुल 3100 रुपए को जब्त किया गया।

⏩ शेष पेज 18 पर

छज्जा तोड़ने को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छज्जा तोड़ने से मना करने पर घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी अवधराम साहू 30 साल ग्राम टिपानगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी चचेरा भाई रामेश्वर साहू के साथ जमीन बंटवारा हो गया था, जो बंटवारे के बाद 18 जुलाई को उनके घर के छज्जा को तोड़ रहा था, जन्हिें प्रार्थी द्वारा मना करने पर उत्तेजित होकर आरोपी रामेश्वर साहू अपने पिता बिंझवार साहू के साथ मिलकर डंडा से प्रार्थी के घर घुसकर गाली-गलौज कर मारपीट किया। जसिसे प्रार्थी के बांये पैर अंगूठा में चोंट आया है।

पुलिस ने की कार्रवाई : रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में गैंदाटोला पुलिस ने विवेचना कर आरोपी बिंझवार साहू व रामेश्वर साहू को हिरासत में लेकर 5 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

कुकर्म का आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कुकर्म का आरोपी विगत चार वर्ष से फरार चल रहा था। जिसकी पतासाजी करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।पुलिस के अनुसार बागनदी पुलिस फरार आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर विगत 4 वर्षों से अपराध धारा 363, 366, 376 भादवि एवं धारा 4, 6 पाक्सो एक्ट के फरार आरोपी रमेश शास्त्री 34 वर्ष निवासी ग्राम धौराभांठा तहसील बिल्हा थाना हिर्री जिला बिलासपुर को 6 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया।

महापौर के निवास पर पालकी का भव्य स्वागत

वार्डों से निकली महाकाल की पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाबा श्री महाकाल की पालकी यात्रा का आयोजन बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर, तुलसीपुर एवं लेबर कॉलोनी क्षेत्र में बाबा श्री महाकाल की सावन पालकी यात्रा, भगवान चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में भक्तिपूर्ण एवं गरिमामय माहौल में हर्षोल्लास से निकाली गई।

बाबा श्री महाकाल चंद्रमौलेश्वर की दिव्य सवारी नगर भ्रमण हेतु पालकी यात्रा के रूप में दोपहर 2 बजे स्थानीय मोतीपुर वार्ड के गणेशपारा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, नवागांव शिव मंदिर होकर मोतीपुर वार्ड क्षेत्र अंतर्गत सुभाष क्लब, शीतलापारा होते हुए रेलवे अंडरब्रिज से ममता नगर, ठाकुर गुलाब सिंह मार्ग, लेबर कॉलोनी पहुंचकर तुलसीपुर संगम चौक में सावन पालकी यात्रा देर शाम विसर्जित हुई। यात्रा में महापौर मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा अध्यक्ष छग पर्यटन मंडल, निगम अध्यक्ष पारस टोपेन्द्र वर्मा, पार्षदगण सावन वर्मा, कमलेश बंधे, मनोहर यादव, संदीप बघेल सहित स्थानीय नेता मनीष जैन,

⏩ शेष पेज 12 पर

महापौर निवास में विशेष स्वागत, पूजा

मोतीपुर के शीतलापारा स्थित महापौर निवास में श्रीमती करूणा मधुसूदन यादव ने पुत्र रिभय यादव एवं शौर्य यादव सहित बाबा की पालकी का विशेष स्वागत किया और पूजा-अर्चना की। इस दौरान महापौर मधुसूदन के परिवारजन मदन मंटू यादव, राजेन्द्र यादव, नीलू यादव, संजय यादव, अजय यादव सहित वार्डवासी, राजेन्द्र जैन बंटू, अंकित गढवाल, प्रकाश साहू, चंदन राजपूत, अनिकेत यादव, करण कोसरे, प्रहलाद, लाला यादव, रोहित यादव, प्रशांत रजक, अंकित बधे, ऋषभमल, धरम यादव एवं अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

स्वीकृत कार्य ठंडे बस्ते में

डोंगरगढ़। विकास के नाम पर स्वीकृत निर्माण कार्य ठप पडे है। स्वीकृत कार्य के नहीं होने से पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के प्रभारी इंजीनियर कभी कभार कार्यालय आकर बिना मौका मुआयना किए ही मूल्यांकन करती है। मूल्याकंन के पहले यह भी नहीं देखा जाता है कि कार्य कितनी पारदर्शिता के साथ हुआ है। कमीशनखोरी के चलते ठेकेदार गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए कार्य करा रहे हैं। वहीं मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल लगाकर चहेते ठेकेदारो को फायदा पहुंचाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वार्ड 13 में लगभग डेढ साल पूर्व पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिली थी। भूमिपूजन के बाद भी पुलिया का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। पालिका की प्रभारी को इसकी जानकारी नहीं है।

सहायता राशि का वितरण

डोंगरगढ़। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना अंतर्गत 15-15 हजार की सहायता राशि का वितरण किया गया। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने हितग्राहियों को राशि प्रदान किया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह एवं अन्य ने हितग्राहियों के खातों से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन एवं अन्य प्रक्रिया को पूर्ण कराया। योजना से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों में चंदन धमगये, निर्मला नंदेश्वर सिंह, चंचल, आशुतोष स्मिथ एवं अमित बोस शामिल थे। इस दौरान पार्षद डिकेश राव, सुमित मिश्रा, अमित बोस, राजेश कंडरा सहित अन्य उपस्थित थे।

सेंदरी में अवैध शराब की बिक्री

डोंगरगढ़। ग्राम सेंदरी में अवैध शराब का कारोबार चलने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग शराब का निर्माण और बिक्री कर रहे हैं, जिससे गांव का वातावरण बिगड़ रहा है। गांव में आए दिन गाली-गलौज, मारपीट जैसी घटनाएं होते रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कई बार शिकायत किया गया किन्तु अब तक शराब के कारोबार पर रोक नहीं लगी है।

शनि मंदिर में अनुष्ठानों की व्यवस्था

डोंगरगढ़। महावीर पारा स्थित श्री शनि देव मंदिर में जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए शनि की शांति के लिए अनुष्ठानों की व्यवस्था की गई है। मंदिर में बीमारी, तनाव, शनि महादशा, शनि पीड़ा आदि के लिए अनुष्ठान कराया जा रहा है। प्रबंधन के अनुसार श्रद्धालु भगवान शनि के नाम से मनोकामना ज्योत भी प्रज्वलित करा सकते हैं। पंडित हरिश शर्मा ने बताया कि नियमित पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है।

ओपन काउंसिलिंग से प्रवेश 10 को

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर बीए, बीकॉम, बीएससी बायो, मैथ्स, कम्प्यूटर साइंस एवं डीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 10 अगस्त को ओपन काउंसिलिंग आयोजित की गई है। जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन मेरिट सूची में नाम नहीं आया अथवा नाम आने के बाद भी प्रवेश नहीं लेने के कारण अब तक प्रवेश नहीं लिया है, उन्हें 10 अगस्त को ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश का अंतिम अवसर प्रदान दिया जा रहा है। पात्र अभ्यर्थियों की सूची के आधार पर 10 अगस्त को काउंसिलिंग की जाएगी।

अस्पताल को विकसित करने की कार्ययोजना

डोंगरगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल के समग्र विकास, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने अस्पताल को भविष्य में स्मार्ट सीएचसी के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की। बैठक में निर्णय लिया गया कि अस्पताल में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि लोगों को एक ही स्थान पर चिकित्सा सेवा मिल सके। सदस्यों ने कहा कि उनका उद्देश्य सामुदायिक अस्पताल को ऐसा केंद्र बनाना है, जहां प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार, स्वच्छ वातावरण, आधुनिक सुविधाएं और सहज चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो।

कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की नई कार्यकारिणी घोषित

डोंगरगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की 31 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नई टीम की घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष पंचराम चंदेल ने की। घोषित कार्यकारिणी में गौकरण वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर मोतीराम वर्मा, जगदेव साहू, ढेलु निषाद, मनहरण सिन्हा, मंगलराम साहू एवं आशा मंडावी को बनाया गया है। महामंत्री गौकरण कोसरे, डीके वर्मा, संजय उइके, घनश्याम साहू, दिलीप साहू, दीनु जोशी, गौतम वर्मा एवं सुनीता धगेश को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर मोरध्वज वर्मा, संत जनेश्वर साहू, चंद्रकुमार निर्मलकर, रुख्मनी कोसरे, नसीन भाई, शांति मंडावी, संतोष हठीले, रंजीत भारती, विजय पांडेय एवं संतोष वर्मा को दायित्व सौंपा गया है। विष्णु गोंड, दुमेश नेताम, रमेश उइके, त्रिवेणी साहू, मोनिका कंवर एवं कीर्तन मंडावी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

लाखों का कार्यशाला भवन हो रहा जर्जर

लाखों की लागत वाली ग्लेजी यूनिट अव्यवस्था की शिकार

कुंभकार समाज के साथ हुआ धोखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रशासनिक लापरवाही और ढुलमुल कार्यप्रणाली का खामियाजा पारंपरिक हस्त शिल्पकारों को भुगतना पड़ रहा है। कुंभकार समाज के आर्थिक उत्थान और आधुनिक मिट्टी शिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित ग्लेजी यूनिट प्रोजेक्ट पूरी तरह लाल फीताशाही की भेंट चढ़ चुका है। सरकारी फाइलों और जमीनी हकीकत के बीच फंसे इस प्रोजेक्ट के कारण आज कुंभकार समाज के करीब 150 परिवारों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

जानकारी के अनुसार इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत में प्रशासन ने इसके महत्व को देखते हुए करीब 2 एकड़ जमीन आवंटित की थी। वहीं तत्कालीन सरकार ने करीब दो करोड़ की मंजूरी दी थी। सरकार बदलने के बाद योजना का पूरा स्वरूप ही बदल दिया गया। प्रस्तावित जमीन पर गार्डन बना दिया गया है वहीं ग्लेजी यूनिट के लिए कालेज के पास मात्र 70 डिसमिल जमीन मुहैया कराया गया। पूर्व आबंटित जमीन पर आधुनिक कार्यशाला, कच्चा माल भंडारण, भट्टी और तैयार उत्पादों के प्रदर्शन का प्रस्ताव था। लेकिन इस जमीन को छीनते हुए 70 डिसमिल जमीन का चयन कर कार्यशाला भवन का निर्माण किया गया है। जमीन का क्षेत्रफल कम होने के बावजूद अधिकारियों ने निर्माण कार्य जारी रखा।

नहीं लगी मशीनें

कार्यशाला भवन बन तो बन गया है किन्तु मशीन स्थापना सहित अतिरिक्त जमीन उपलब्ध कराने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। इस घोर लापरवाही ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बिना योजना और दूरदर्शिता के किए गए सरकारी काम केवल बजट खपाने का जरिया बनकर गया है।

जमीन को बताया अपर्याप्त

बताया जाता है कि इस 70 डिसमिल जमीन पर कार्यशाला भवन बनाने में सरकारी खजाने से करीब 25 लाख रूपए खर्च कर दिया गया है। जब भवन बनकर तैयार हो गया, तब अधिकारियों की नींद खुली। अब कहा जा रहा है कि यह जमीन ग्लेजी यूनिट के संचालन और आवश्यक मशीनों को स्थापित करने के लिए अपर्याप्त है। इस बहाने को आगे कर अब पूरे प्रोजेक्ट को बीच में ही छोड़ दिया गया है।

लोगों की उम्मीदों पर फिरा पानी

इस प्रोजेक्ट से नगर के करीब 150 कुम्भकार परिवारों को सीधे तौर पर रोजगार और आधुनिक तकनीक सीखने का अवसर मिलने वाला था। ग्लेजी यूनिट शुरू होने से पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों को नया रूप मिलता, जिससे उनकी बाजार में कीमत और मांग दोनों बढ़ती। लेकिन लाखों खर्च होने के बाद भी आज धरातल पर शून्य लाभ है। तैयार भवन धूल खा रहा है और कुंभकर समाल के लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

10 से 14 तक क्षेत्र में निकलेगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ भाजपा ने तैयार की विस्तृत कार्ययोजना

क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह और देशभक्ति का माहौल बनने लगा है। इसी कड़ी में 10 से 14 अगस्त तक गंडई नगर में तिरंगा यात्रा निकालने और घर-घर झंडा लगाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में स्थानीय जैन भवन में मंडल भाजपा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक में यह तय किया गया कि निर्धारित तिथियों को प्रत्येक वार्ड और घर तक तिरंगा पहुँचाया जाएगा और नागरिकों के सहयोग से इसे ससम्मान लगाया जाएगा। नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी यात्रा निकालने की योजना बनाई गई है, इसके तहत धोधा, लिमो, कटंगी, पेंडरवानी और भुरभुसी को शामिल किया गया है। इन चुनिंदा गाँवों में हाट बाजार के दिन ग्रामीणों की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। इस दौरान तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक अनिल अग्रवाल, मंडल प्रभारी टीके चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, राजू जंघेल, जीवनदास रात्रे, रजेलाल पटेल, लीलाराम साहू, विक्की कुर्रे, भानुप्रताप साहू, राकेश टंडन, राकेश जायसवाल, अशोक देवांगन, मंगलचंद जैन, जितेन्द्र पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

पीएम सड़क ने तोड़ा दम बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

ब्लाक मुख्यालय से कान्हे, धानापायली होते हुए सेम्हरबांधा को जोडने वाली सडक पूरी जर्जर हो गई है। खस्ताहाल मार्ग पर जगह जगह गढढे हो गए है। सडक का डामर एवं गिटटी उखड़ गया है। बारिश होने पर इस मार्ग में आवागमन में लोगों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

निकाय क्षेत्र में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल से कान्हे एवं धानापायली- सेम्हरबांधा तक सड़क का निर्माण सालों पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कियागया था। करीब एक दशक पूर्व बनी यह सडक अब जर्जर हो गई है। खस्ताहल सडक पर गढढे उभर आए है। कान्हे के बच्चूलाल देवांगन, कौशल देवांगन, कौशल्या यादव, पार्षद विनोद डेहरिया, केजूराम लहुरिया, भागचंद देवांगन, देवचंद, सिरोतन देवांगन, धानापायली सरपंच राजू परतेती, कमलेश सिन्हा, सेम्हरबांधा के गोलू सिन्हा, शांतिलाल, हुमन साहू ने बताया कि इस सडक की स्थिति काफी खराब हो गई है। उन्होंने बताया कि गढढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। उन्होंने बताया कि कई सालों से मरम्मत संधारण की मांग की जा रही है किन्तु अब तक मरम्मत नहीं कराया गया है।

जनता भर रही सड़क के गड्ढे

इस सड़क पर उभर आए गढढों को नगरवासी एवं पार्षद भर रहे है। दुर्घटनाओं को रोकने पार्षद एवं नगरवासियों द्वारा मुरूम मिटटी डालकर मरम्मत किया जा रहा है। हाल ही में वार्ड 6 के पार्षद विनोद डेहरिया ने वार्ड सीमा में नागरिकों की मदद से मरम्मत कराया था।

रेत परिवहन से मार्ग की हालत खस्ता

इस मार्ग पर 24 घंटे हल्के एवं भारी वाहनो की आवाजाही होती है। शिवनाथ नदी से निकलने वाली रेत का परिवहन भी इसी मार्ग से होता है दिन रात वाहनों की आवाजाही और पानी के जमा होने से सड़क की दशा बेहद खराब हो चुकी है। नगरीय क्षेत्र में सड़क की स्थिति खराब होने से निकाय को नगरवासियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है।

अध्यक्ष ने उठाई मरम्मत की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सडक के मरम्मत की मांग उठाई है। नगर अध्यक्ष श्री मानिकपुरी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक विभाग के ईई विजय सोनी एवं क्षेत्रीय अधिकारियो से चर्चा कर नगर सीमा ही नहीं बल्कि चौकी से सेम्हरबांधा पहुंच मार्ग तक सड़क के नए सिरे से निर्माणा की मांग रखी है। ईई श्री सोनी ने भरोसा दिलाया है कि बारिश के बाद इस सडक की मरम्मत किया जाएगा। उन्होने बताया कि सड़क निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

आधे घरों में सोलर लगने पर मिलेंगे 50 लाख, जागरूकता बैठक का आयोजन

लोगों को बताया गया फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ग्राम पंचायत नारायणगढ़ में सरपंच जाफर अली के नेतृत्व में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों को सोलर ऊर्जा के लाभ, सब्सिडी तथा पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सरपंच जाफर अली ने बताया कि जिला प्रशासन ने नारायणगढ़ पंचायत का विशेष चयन किया है। उन्होंने कहा कि यदि पंचायत के 50 प्रतिशत घरों में सोलर सिस्टम स्थापित हो जाते हैं, तो विकास कार्यों के लिए 50 लाख की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उन्होंने सभी पंचों आदि से सोलर सिस्टम लगाकर ग्रामीणों को प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस दौरान सोलर कंपनी के प्रतिनिधि विनायक मेश्राम ने ग्रामीणों को सोलर सिस्टम की उपयोगिता, स्थापना प्रक्रिया और उससे होने वाली बिजली बचत की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पात्र हितग्राहियों को केंद्र सरकार से 78 हजार तथा राज्य सरकार से 30 हजार तक की सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजना का लाभ उठाकर ग्रामीण लंबे समय तक बिजली बिल में बचत कर सकते हैं।

भ्रम को किया दूर

बैठक में वक्ताओं ने सौर ऊर्जा को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने बताया कि सोलर सिस्टम बादलों वाले मौसम में भी बिजली उत्पादन करता है। इसका रखरखाव बेहद कम होता है। आधुनिक तकनीक से छत को नुकसान नहीं पहुंचता। आवेदन से लेकर नेट मीटरिंग तक की प्रक्रिया ऑनलाइन और सरल हो चुकी है। बैठक नृपाल सिंह, रेशमा सिंह, राकेश साहू, यशवंत धनकर, हीराबाई, पांचोबाई, यामिनी, बुधन्तिनबाई, मनोज निषाद, दिनेश सिन्हा, शैलेंद्र जोशी, सुखचंद चंद्रवंशी, तुमेश साहू, देवारु विश्वकर्मा, भुनेश्वर बघेल, धनेश्वर चंदेल, टुम्मनलाल बघेल, रूपेंद्र साहू, शिवराम साहू, रेवाराम धनकर, यशवंत धनकर, लक्ष्मीबाई सतनामी, आरती साहू, हीराबाई आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस नेता ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

स्मार्ट मीटर हटाने के पक्ष में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम सीतागोटा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जिला इंका सचिव विष्णु लोधी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं मांगों को सुना। इस दौरान किसानों और ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था को तत्काल समाप्त करने तथा बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लेने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि बढ़े बिजली बिलों ने गरीब, किसान, मजदूर पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है।

श्री लोधी ने कहा कि स्मार्ट मीटर और बिजली बिलों को लेकर गांव गांव से शिकायतें मिल रही है। जनभावना को देखते हुए सरकार को इस दिशा में कदम उठाना चाहिए। किसानों ने कारीसरार बांध एवं बाघनदी बांध से लिफ्ट इरिगेशन योजना प्रारंभ कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी। ग्रामीणों ने नल-जल योजना को पूरा करने, सीतागोटा से महाराष्ट्र सीमा तक सड़क निर्माण तथा सीतागोटा से कन्हारटोला तक पक्की सड़क निर्माण की मांग भी उठाई। इस दौरान गंगा सेउतकर, रमेश उइके, कार्तिक नंदेश्वर, प्रदीप उसके, दामोदर बागडे, परमानंद चिंगारे, विजय टेम्भुकर, दीनू आचले, सुरेंद्र सेउतर, उत्तम सिंह, रमाशंकर कस्तूर, घनश्याम साहू, चंद्रकांत सिंह, टीकम राजपूत, मदन मंडावी, टेकचंद, जागेश्वर उइके, महेश्वर उसके, श्याम सुंदर हटीले, द्वारिका सिन्हा, नरसिंह वर्मा, नीलांबर वर्मा, भागी चंद्रवंशी, कामता, जयचंद, घनश्याम आदि उपस्थित थे।

बांध मरम्मत की मांग

इसी क्रम में मडीयान में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी। किसानों ने पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, 3286 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने तथा दो वर्षों में समर्थन मूल्य में बढ़ी हुई राशि का भुगतान करने की मांग उठाई। किसानों ने मडीयान बांध का गहरीकरण कराने तथा बांध में एक अतिरिक्त गेट लगाने की मांग रखी। इस दौरान भुनेश्वर साहू, पलट मांडवी, महेंद्र चंद्रवंशी, राकेश नेम, भुनेश्वर कंवर, दुलारू कंवर, शत्रुघ्न कंवर, हेमलाल कंवर, ढालूराम कंवर, गणेश साहू, धर्मा वर्मा, लालचंद उइके आदि उपस्थित थे।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

पतंजलि योग समिति ने मनाया गुरु पूर्णिमा

डोंगरगढ़। पतंजलि महिला एवं पुरुष योग समिति के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा एवं जड़ी-बूटी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चार और हवन-पूजन से हुआ। इस अवसर पर योग गुरु स्वामी रामदेव बाबा की पूजन-अर्चन कर दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। साधकों ने योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। जड़ी-बूटियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आयुर्वेद को अपनाने का संदेश दिया गया।

जंगल में सीड बाल का छिड़काव

बांधाबाजार। वनांचल के ग्राम माधोपुर, बमनी, भुरभुसी, चमरूटोला, पड़की, संसारगढ़, देवरसुर आदि के ग्रामों में सृष्टि संस्था दक्कोटोला के मार्गदर्शन में सदस्यों ने सीड बाल बनाकर छिड़काव किया गया। सदस्यों ने बताया कि इसके माध्यम से पौधरोपण करने का प्रयास किया जा रहा है। पड़की और ग्राम भुरभुसी के गंगादास सलामे, योगेश मंडावी, शत्रुघ्न सलामे एवं रामनाथ सलामे ने बताया कि दोनों गांव की 4 एकड़ वन भूमि में सीड बाल छिड़काव किया गया है।

पंचायतों में चावल महोत्सव आज

कलकसा। जनपद पंचायत की सभी पंचायतों में कल 7 अगस्त को चावल महोत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पीएम आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को पूर्ण कराने, त्वरित राशि हस्तांतरण, लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को पूरा करने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने तथा स्व-सहायता समूह की दीदियों को सामग्री आपूर्ति एवं आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। मनरेगा अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं मांग के आधार पर नए कार्य प्रारंभ करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। मेरी बेटी, मेरा अभिमान अभियान अंतर्गत विद्यालयों में बालिका शौचालय निर्माण पर चर्चा की जाएगी।

21 औषधालय, सिर्फ 6 में एवीएफओ, कई केंद्रों पर ताले

पशु चिकित्सा विभाग स्टाफ विहीन डीडी दफ्तर में सिर्फ दो पदस्थ

कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार और मानसिक दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिले में पशु चिकित्सा व्यवस्था की कमान संभालने वाला उपसंचालक कार्यालय ही कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है।

विभागीय जानकारी अनुसार कार्यालय में 11 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में सिर्फ दो कर्मचारी ही कार्यरत हैं। वहीं खैरागढ़ पशु चिकित्सालय के चिकित्सक पिछले लगभग चार माह से अवकाश पर हैं, जालबांधा चिकित्सालय के चिकित्सक अध्ययन अवकाश पर हैं।

दोनों स्थानों की व्यवस्था भी प्रभारी के भरोसे संचालित हो रही है। ऐसे में पूरे जिले की प्रशासनिक, तकनीकी, योजनागत और फील्ड गतिविधियों का संचालन सीमित स्टाफ के सहारे किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार और मानसिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

पशु चिकित्सालयों में भी रिक्त हैं पद

स्थिति केवल औषधालयों तक सीमित नहीं है। खैरागढ़, जालबांधा, छुईखदान, साल्हेवारा और गंडई पशु चिकित्सालय भी कर्मचारियों की कमी से प्रभावित हैं। खैरागढ़ में पट्टीबंधक व स्वच्छकर्ता का पद रिक्त हैं। जालबांधा और साल्हेवारा में सीमित स्टाफ के भरोसे व्यवस्था चल रही है, जबकि छुईखदान में भी कई सहायक पद खाली हैं। सबसे गंभीर स्थिति गंडई पशु चिकित्सालय की बताई जा रही है, जहां अधिकारी-कर्मचारियों का अभाव होने से सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। पशुपालकों का कहना है कि पशुधन उनकी आजीविका का प्रमुख आधार है, लेकिन समय पर उपचार नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने पशु चिकित्सालयों और औषधालयों में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियां करने की मांग की है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें और पशुपालकों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सके।

जिले में स्टाफ का अकाल, पशुपालक निजी इलाज को हो रहे मजबूर

जिले में स्थिति यह है कि कई पशु औषधालय और चिकित्सालय पर्याप्त स्टाफ के अभाव में प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो पा रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को निजी चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में 5 पशु चिकित्सालय और 21 पशु औषधालय हैं, लेकिन अधिकांश केंद्रों पर आवश्यक कर्मचारियों के पद वर्षों से खाली पड़े हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की पशु चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है। प्रत्येक औषधालय में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, परिचालक, स्वच्छकर्ता सह चौकीदार का पद स्वीकृत हैं। इसके बावजूद जिले के 21 औषधालयों में केवल 6 स्थानों पर ही एवीएफओ पदस्थ हैं। 15 औषधालयों में सिर्फ परिचालक कार्यरत हैं, जबकि स्वच्छकर्ता सह चौकीदार का एक भी पद भरा नहीं गया है। कर्मचारियों की कमी के कारण कई केंद्र नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रहा हैं। ब्लॉक के उरईडबरी और मुढ़ीपार को छोड़ अधिकांश औषधालय पाड़ादाह, ईटार, गातापारजंगल, सिंगारघाट, देवरी, घोटिया, दैहान, सिंगारपुर, गातापारकला, डोकराभाठा, बिजलदेही और अतरिया बाजार में एवीएफओ उपलब्ध नहीं हैं। कई औषधालयों में केवल परिचालक के भरोसे काम चल रहा है, जबकि कुछ स्थानों पर कोई कर्मचारी तक उपलब्ध नहीं है।

प्रस्ताव भेजा गया है

प्रदेशभर में बहुत से पद रिक्त हैं, इसलिए कई कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रभार देना पड़ रहा है। रिक्त पदों की भर्ती के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है और विभाग अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रहा है।

केके ध्रुव, अपर संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं

ट्रांसफर रूकवाने विक्रांत से मिले पंचायत पदाधिकारी

- साखा पंचायत के सचिव को यथावत रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छुईखदान ब्लाक के ग्राम पंचायत साखा के पंचायत सचिव को यथावत रखने की मांग को लेकर सरपंच कपिनाथ महोबिया सहित ग्रामीणों ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को ज्ञापन सौंपा। सरपंच कपिनाथ महोबिया, जनपद सदस्य सुमरित, ललिता देवी, परस कुमार, रोहित कुमार, खेमसिंह, सुमन मंडावी, प्रमोद वर्मा, राकमकुमार, देवकुमार सहित दर्जन भर से ज्यादा ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सोंपा और बताया कि उनके पूर्व में बिना कोई सूचना दिए जिपं द्वारा वर्तमान में पदस्थ पंचायत सचिव संतोष टंडन का स्थानांतरण ब्लाक के अन्य ग्राम पंचायत में कर दिया गया है।

जिपं उपाध्यक्ष ने किया आश्वस्त

उक्त आदेश को स्थगित करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि सालों से संतोष टंडन पंचायत में पदस्थ है और उसकी कार्यशैली को लेकर कभी भी किसी प्रकार की शिकवा शिकायत ग्राम अथवा पंचायत स्तर पर शासन को नही मिली है। संतोष टंडन के आम लोगों के साथ व्यवहार बहुत बेहतर है और पंचायत का काम काज भी संभला हुआ है। उसके अन्यत्र पदस्थापना से पंचायत में जारी कार्यों के प्रभावित होने की संभावना है इसलिए ग्रामीणों की भवनाओं को देखते हुए स्थानांतरण आदेश रद्द किया जाए। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने आश्वस्त किया कि रूटीन वर्क के चलते आदेश निकला है, लेकिन साखा के ग्रामीणों की भवनाओं का सम्मान करते हुए जल्द ही इस पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

सूरज की रौशनी से घर जगमगाया सूर्यघर मुफ्त बिजली से बिल शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना नागरिकों के लिए आर्थिक बचत और स्वच्छ ऊर्जा का माध्यम बन रही है। कनक नगर के इब्राहिम खान इस योजना का लाभ लेकर न केवल अपने बिजली खर्च से मुक्त हुए हैं, बल्कि अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं।

उन्होंने योजना के तहत घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कराया। इससे पहले उनके घर का मासिक बिजली बिल लगभग 1500 रुपए आता था, किन्तु सोलर प्लांट लगने के बाद बिजली बिल शून्य हो गया है।

रिबेट मिला

उनके सोलर रूफटॉप सिस्टम से 208 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ, जिसके एवज में उन्हें 425 रुपये का सोलर रिबेट प्राप्त हुआ। इससे स्पष्ट है कि यह योजना बिजली की बचत के साथ अतिरिक्त आर्थिक लाभ का अवसर प्रदान कर रही है। उनका कहना है कि मुफ्त बिजली योजना ने मासिक बिजली खर्च को समाप्त कर दिया है। योजना से मिले सकारात्मक अनुभव के बाद श्री खान आसपास के लोगों को भी सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

विधायक के प्रयास से 56 करोड़ की स्वीकृति

- विभिन्न सड़क, पुल, पुलिया सहित अन्य कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के सतत प्रयासों व निरंतर अनुश्रवण के फलस्वरूप 56 करोड़ रुपयों से अधिक की लागत वाले विभिन्न सड़क, पुल-पुलिया, जंक्शन सुधार व सिंचाई परियोजनाओं को शासन से प्रशासकीय स्वीकृति के रूप में दर्ज हुई है।

इनके क्रियांवयन से क्षेत्र में आधारभूत अधोसंरचना को नई मजबूती मिलेगी वही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर आवागमन और सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिलेगा। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था।

प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से अब इन कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, विद्यार्थियों का आवागमन सुगम होगा, मरीजों को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा व सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से कृषि उत्पादन को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने का निर्देश भी दिया है।

सुरही नदी पर बनेगा एनीकट कम काजवे

प्रमुख रूप से शासन द्वारा धनेली देवारीभाट गौठान बढ़ईटोला मार्ग का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण 17.01 करोड़, भीमपुरी से बोरई पहुंच मार्ग 4.75 करोड़, गर्रा बांधटोला कोहकाझोरी मार्ग 4.11 करोड़, राज्यमार्गों पर जंक्शन सुधार व क्रैश बैरियर निर्माण 1.87 करोड़, करमतरा से घुमर्रा मार्ग 3.75 करोड़, गंडई पंडरिया व्हाया दौजरी मार्ग पुल-पुलिया सहित 4.77 करोड़, खैरागढ़ टाउन मार्ग नाली सहित 4.69 करोड़, दाऊचौरा खैरागढ़ ढारा मार्ग 2.71 करोड़, कांशीटोला से ढाप मार्ग 3.29 करोड़, कामठा से हरदी पहुंच मार्ग 2.36 करोड़, छुईखदान ब्लाक के सुरही नदी पर एनीकट-कम-काजवे निर्माण 10.13 करोड़ की स्वीकृति मिलने पर विधायक यशोदा वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के विकासोंमुखी दृष्टिकोण के चलते विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति मिल रही हैको जिससे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया कि जनहित सर्वोपरि मान क्षेत्र के विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए उनका प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

धनेली-देवारीभाट व्हाया बढ़ईटोला सड़क के लिए मिली 17 करोड़ रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन को सुगम बनाने और सड़क जाल को मजबूत करने राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए ब्लाक के धनेली से देवारीभाठ, भरदाकला व्हाया बढ़ईटोला 10 किलोमीटर तक पक्की सड़क बनाने साय सरकार ने 17 करोड़ रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

सड़क निर्माण से दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को अब खराब जर्जर सड़को में आवाजाही की समस्या से मुक्ति मिलेगी। ग्रापं देवारीभाठ के सरपंच सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से इस मार्ग के नए निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की इस जनहितकारी मांग को गंभीरता से लेते हुए विक्रांत सिंह ने शासन-प्रशासन स्तर पर लगातार पत्राचार और व्यक्तिगत प्रयास किया जिसके चलते लोक निर्माण विभाग द्वारा 17 करोड़ रुपयों की लागत से इसके निर्माण की स्वीकृति सूचना जारी कर दी गई है।

सड़क बनने से ग्रामीणों को होगी सहुलियत

धनेली से देवारीभाठ, भरदाकला होकर राजनांदगॉव कवर्धा मेन रोड पर बढ़ईटोला तक का यह मार्ग प्रमुख संपर्क मार्ग है। पक्की सड़क बनने से धनेली, देवारीभाठ, भरदाकला और बढ़ईटोला सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों, किसानों और स्कूली बच्चों को आने-जाने मे सहूलियत होगी। इसके अलावा, बारिश के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से होने वाली हादसों की आशंका भी खत्म हो जाएगी जिससे स्थानीय व्यापार और परिवहन को गति मिलेगी। स्वीकृति मिलने पर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की इस पुरानी मांग का पूरा होना यह दर्शाता है कि साय सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव व क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय का विशेष आभार प्रकट किया है।

पेंशनरों ने मांगा लंबित एरियर

डोंगरगढ़। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की तहसील इकाई ने सोमवार को स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। सदस्यों ने संघ गीत का गायन कर संगठन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की। कार्यक्रम में बताया गया कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने पिछले छह वर्षों में पेंशनरों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा शासन से संवाद स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। समारोह में बड़ी संख्या में पेंशनर्स शामिल हुए। इस अवसर पर राज्य सरकार से 88 माह से लंबित महंगाई राहत एरियर का भुगतान तथा जनवरी 2026 से देय 2% महंगाई राहत के आदेश जारी करने की मांग की।

तीजन बाई को विवि में दी सांगीतिक श्रद्धांजलि

- तीजन बाई के लोक कला व पंडवानी पर अमूल्य योगदान को किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राजकुमारी इन्दिरा सिंह कला संगीत विवि में पद्मविभूषण स्व तीजन बाई को सांगीतिक श्रद्धांजलि दी गई। कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंडवानी की वेदमती व कापालिक शैली की प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से लोकगायिका तीजन बाई को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री उषा बारले, चेतन देवांगन, रंभा बाई देशमुख, सावित्री पारधी, रेडु देशमुख आलिम बंशी, केवल देशमुख, चैतराम साहू, रामचंद निषाद, नरोत्तम निषाद और तीजन बाई के संगतकार डालेश्वर निर्मल उपस्थित रहे। अतिथियों ने पद्मविभूषण स्व तीजन बाई के लोककला व पंडवानी पर अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी कला आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी। इस दौरान कुलसचिव वेंकटरमन गुड़े, लोकसंगीत विभाग अधिष्ठाता प्रोडॉ राजन यादव, संगीत संकाय अधिष्ठाता प्रोडॉ नमन दत्त सहित अन्य उपस्थित थे।

कापालिक और वेदमती शैली से हुई प्रस्तुति

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार व संगीत नाटक अकादमी के उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ युवा पुरस्कार से सम्मानित और जूनियर फेलोशिप अवार्ड प्राप्त दुष्यंत द्विवेदी ने वेदमती शैली में द्रौपदी स्वयंवर का सजीव प्रभावशाली गायन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगतकारों के रूप में रागी परसराम यादव, हारमोनियम पर जीवनलाल साहू, बैंजो पर बिसहत राम साहू, तबला पर तुलसीदास मानिकपुरी, नाल पर जीवंतजय देवदास और झुमका पर नरेन्द्र विश्वकर्मा ने प्रभावी संगत दी। बिलासपुर निवासी पंडवानी गायिका दूजन बाई ने कापालिक शैली में द्रौपदी चीरहरण प्रसंग की मार्मिक प्रस्तुति दी। उनकी भावपूर्ण गायकी और सशक्त अभिनय ने पूरे सभागार को भाव-विभोर कर दिया। विवि के लोकसंगीत विभाग के छात्र हर्ष चंद्राकर ने कापालिक शैली में दुःशासन वध प्रसंग का प्रभावशाली गायन प्रस्तुत किया। उनके साथ रागी व तबला पर ज्ञानेश्वर टांडिया, कोरस में डोमन साहू, हारमोनियम पर उजित निषाद, ढोलक पर वेदप्रकाश रावटे, बैंजो पर करन तारम, मंजीरा पर खिलेश साहू तथा घुंघरू पर समीर चंद्र साहू ने संगत कर प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

संकल्प को साकार करने में प्रशिक्षण महत्वपूर्ण

देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विकसित भारत वीबीजी राम जी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, जनपद सभापति पूर्णिमा कृष्णा साहू सहित जनपद सदस्यों ने सहभागिता की।

इस दौरान प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन को सशक्त बनाने तथा विकसित भारत के संकल्प को गति देने संबंधी विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

जनपद अध्यक्ष प्रतिमा ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच एवं जनकल्याणकारी नीतियों के कारण देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही साकार होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को बताया जरूरी

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों को अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने प्रेरित करते हैं। सभी जनप्रतिनिधि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत अभियान देश की प्रगति को नई गति प्रदान करेगा और आत्मनिर्भर एवं समृद्ध भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

महिलाएं हो रही सशक्त

राजनांदगांव। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शुक्रवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में आई नया ढाबा की हितग्राही ई-रिक्शा चलाने वाली दीदी सरिता वर्मा के ई-रिक्शा में बैठकर स्पीकर हाऊस के लिए रवाना हुए। ई-रिक्शा चालक दीदी सरिता वर्मा के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज के समय में महिलाएं साइकिल, मोटर साइकिल, कार यहां तक की पायलेट बनकर हवाई जहाज भी चला रही हैं। महिलाओं ने शिक्षा के साथ ही सक्षम एवं सशक्त, आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं हैं।

विस अध्यक्ष ने श्रमिक महिलाओं का हौसला बढ़ाया। इस दौरान ई-रिक्शा में उनके साथ जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं सुमीत उपाध्याय उपस्थित रहे। गौरतलब है कि शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं से जनमानस की जिंदगी बदल रही है और सामाजिक परिवर्तन एवं जागृति दिखाई दे रही है। जिसकी एक बानगी श्रमिक सम्मेलन में दिखाई दी। श्रमिक महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए।

श्रमिक सम्मेलन के दौरान विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वहां आई हितग्राही ई-रिक्शा चालक दीदी उषा साहू से बातचीत की। विस अध्यक्ष ने उषा साहू के पति से पूछा कि पत्नी जब ई-रिक्शा चलाती है, तो डर तो नहीं लगता। उनके पति भावेश साहू ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी को ई-रिक्शा चलाना सिखाया है और उसे प्रोत्साहित करते हैं।

सार समाचार

ज्ञानेश्वरी का मुस्लिम समाज ने किया सम्मान

राजनांदगांव। स्कॉटलैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम में रजत पदक छत्तीसगढ़ सहित देश को गौरवान्वित करने वाली शहर की बेटी ज्ञानेश्वरी

यादव का मुस्लिम समाज द्वारा सम्मान किया गया। ज्ञानेशवरी यादव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने सामाजिक लोगों के साथ उनका सम्मान करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ऑडिटोरियम में आयोजित अभिनंदन समारोह के अवसर पर मुस्लिम समाज के अंजुम अल्वी, मोहम्मद सिराज, असरफी, मजहर खान, मोहम्मद गफ्फार, मोहम्मद इब्राहिम, सैयद अफजल अली, अरशद खान सहित अन्य सदस्यों ने ज्ञानेश्वरी यादव की इस उपलब्धि को समाज और देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया।

प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय पेंशनरों के प्रतिनिधियों ने प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री अरूण साव से रायपुर

स्थित उनके निवास में सौजन्य भेंट की। प्रांताध्यक्ष डॉ. जैन ने मंत्री को छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ की मांगों के संबंध में एक आवेदन सौंपते पेंशनरों की समस्याओं से अवगत कराया तथा उनकी मांगे स्वीकृत करने का निवेदन किया। इस दौरान डॉ.डीसी जैन, अजय यादव, राजेश वर्मा, अमलेंदु हाजरा, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, दीपक सिन्हा, अशोक सिंह, बीके सिंह, ईश्वरचंद, प्रभु प्रसाद शर्मा, बीडी सोनवानी, राजकुमार लोढ़ी, विजय साहू, लेखराम चंद्राकर, विजय श्रीवास्तव, चित्रहार, ममता विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

किसानों के पंजीयन में रोड़ा, परिवार में बखेड़ा : रूपेश

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार धान खरीदी की जिम्मेदारी से

बचने किसानों पर नए-नए नियम थोपने का काम तो कर ही रही थी, अब एग्रीस्टैक पंजीयन के नाम पर किसान परिवार को तोड़ने व बंटवारा की साजिश का ताना-बाना बुन दी है, जो किसान परिवार के साथ क्रूरता का प्रमाण है। प्रदेश प्रवक्ता श्री दुबे ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन के लिए शामिलात खाते के किसान परिवार के सभी सदस्यों के पोर्टल में पंजीयन की अनिवार्यता लागू कर दी गई है।

सरकार आज तक एग्रीस्टैक पंजीयन पोर्टल के सर्वर को ठीक नहीं कर सकी है। जिसके चलते पिछले साल लगभग 2 लाख किसान धान बेचने से वंचित हुए थे। अब शामिलात खाता के सभी को पंजीयन करना है। ऐसी दशा में परिवार के बहन-बेटी-भाई जो विवाह के बाद या अपने रोजगार के कार्य से अन्यत्र जिले या प्रदेश में निवासरत हैं, उन्हें मात्र पंजीयन कराने अपने घर-परिवार व काम को छोड़कर आकर जूझना पड़ रहा है और लगातार सर्वर डाउन के चलते कृषक परिवार के सदस्यों को दो-तीन दिन इंतजार करना पड़ रहा है।

शिक्षा नीति पर छात्रों ने उठाए सवाल

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में वन ईयर पीजी एवं दो वर्षीय पीजी प्रवेश व्यवस्था को लेकर छात्रों का विरोध तेज हो गया है। शनिवार को छात्रों ने महाविद्यालय द्वारा जारी सूचना की प्रतियां जलाकर प्रदर्शन किया और प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग उठाई। पूर्व पार्षद एवं छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष ऋषि शास्त्री तथा एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते कहा कि नई शिक्षा नीति लागू करने का दावा करने वाली सरकार आज तक छात्रों को स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों का विरोध वन ईयर पीजी व्यवस्था या उसमें प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों से नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को वन ईयर पीजी में प्रवेश का अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश जारी नहीं किए जाने से छात्रों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

समाजसेवी व भाजपा नेता भीखम गांधी का निधन

डोंगरगांव। नगर के प्रतिष्ठित गांधी परिवार के सदस्य, समाजसेवी, भाजपा नेता एवं कवि भीखम गांधी का गुरुवार 6 अगस्त को दोपहर भिलाई के

शंकराचार्य अस्पताल में उपचार के दौरान दुखद निधन हो गया। वे 52 वर्ष के थे और पिछले करीब चार वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही डोंगरगांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। भीखम गांधी, स्वर्गीय यशोदा देवी एवं स्वर्गीय शोभालाल गांधी के तृतीय सुपुत्र थे। वे पूर्व सांसद प्रदीप गांधी के अनुज तथा गायत्री परिवार से जुड़े हरीश गांधी के बड़े भाई थे। वहीं, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी के वे चचेरे भाई थे। वे अपने पीछे पुत्र, पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा 7 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे एनएक्स सनसिटी, जी-56 स्थित निवास से निकाली जाएगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

वार्डों से निकली महाकाल...

शिव वर्मा, विजय लांजेवार, पवन डागा, राजू डागा आदि नगर के गणमान्य नागरिकगण पालकी यात्रा में शामिल रहे।

ममता नगर क्षेत्र में अशोक चौधरी व ऋषिदेव चौधरी के नेतृत्व में वार्डवासियों द्वारा पालकी यात्रा की पूजा-अर्चना की गई। ठाकुर गुलाब सिंह मार्ग में रणविजय प्रताप सिंह, विश्वेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य के द्वारा बाबा की पालकी का भव्य स्वागत किया गया। लेबर कॉलोनी में पार्षद संतोष पिल्ले, नरेन्द्र (मुन्ना) यादव, शिव श्रीवास्तव, समीर श्रीवास्तव एवं वार्डवासियों द्वारा बाबा की पालकी की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात बाबा की पालकी तुलसीपुर संगम चौक स्थित शिव मंदिर प्रागंण में विश्राम लिया, जहां आलोक बिंदल, पारस टोपेन्द्र वर्मा, प्रमोद झंझाडे सहित वार्डवासियों ने हर्षोल्लास के साथ बाबा की पालकी का भव्य स्वागत किया।

इन वार्डों के वार्डवासियों एवं धर्मप्रेमी जनता में बाबा की पालकी यात्रा को लेकर भारी उत्साह एवं हर्ष का माहौल दिखा। संस्कारधानी के शिव भक्तों एवं धर्मावलंबीजनों ने बाबा श्री महाकाल की सावन पालकी यात्रा में सपरिवार उपस्थित रहकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

अवैध रूप से गांजा

पुलिस ने आरोपी प्रकाश वर्मा को गिरफ्तार कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को 6 अगस्त को जेएमएफसी न्यायालय छुईखदान में पेश किया गया, जिसे न्यायालय के आदेशानुसार उपजेल सलोनी भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में छुईखदान पुलिस स्टॉफ एवं सायबर सेल केसीजी का सराहनीय योगदान रहा।

अवैध प्लाटिंग की शिकायतों के बीच प्रशासनिक सर्जरी

कलेक्टर ने बदले तहसीलदार और नायब तहसीलदार के प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग और जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामलों को लेकर लगातार सामने आ रही सनसनीखेज खुलासे और हरिभूमि में प्रकाशित खबरों के बीच मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने राजस्व विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से जारी आदेश के तहत जिले के 2 तहसीलदार और 3 नायब तहसीलदार का तबादला किया गया है। जबकि एक तहसीलदार को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।नए आदेश के अनुसार अनुरिमा टोप्पो को अंबागढ़ चौकी से मोहला तहसीलदार बनाया गया है। वहीं चांदनी देवांगन को मानपुर तहसीलदार के साथ-साथ औंधी तहसील का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नेहा विश्वकर्मा को मोहला से अंबागढ़ चौकी स्थानांतरित किया गया है। नायब तहसीलदारों में दिनेश साहू को मोहला से खड़गांव का प्रभारी तहसीलदार, दिलीप साहू को मानपुर से मोहला। जबकि राज आशीष को खड़गांव से मोहला पदस्थ किया गया है। अब मोहला तहसील में एक तहसीलदार के साथ दो नायब तहसीलदार कार्यभार संभालेंगे।

प्रशासन ने की कसावट

जिला मुख्यालय मोहला सहित अंबागढ़ चौकी, मोहला, मानपुर विकासखंड मुख्यालय में पिछले कुछ समय से कृषि भूमि पर कथित अवैध प्लॉटिंग, जमीन खरीद-फरोख्त और राजस्व मामलों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। इन मुद्दों पर हरिभूमि में लगातार खबरें प्रकाशित हो रही है। ऐसे में जिला प्रशासन के इस फैसले को राजस्व व्यवस्था में कसावट लाने और कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

फेरबदल से खलबली

हालांकि तबादला आदेश में अवैध प्लॉटिंग को कारण के रूप में उल्लेखित नहीं किया गया है। इसे प्रशासनिक दृष्टिकोण से कलेक्टर तुलिका प्रजापति द्वारा किया गया नियमित फेरबदल बताया गया है, इसलिए दोनों बातों को जोड़कर निश्चित कारण बताना उचित नहीं होगा। प्रशासनिक हल्कों में इस बदलाव के बाद राजस्व मामलों के तेजी से निपटारे और निगरानी मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पूर्व सैनिक महासभा की टीम पहुंची शहर

सरहद पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए बहनों ने भेजा रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व सैनिक कल्याण संगठन और विभिन्न महिला मंडलों द्वारा ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान के तहत देश की सरहद पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए राखियां भेजी गई। इस एकत्रित रक्षा सूत्रों को ले जाने सैनिक महासभा के अध्यक्ष और उनकी टीम पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम पहुंची। यहां आयोजित कार्यक्रम में सैनिक संगठन और बहनों द्वारा स्नेह पत्र, राखी और प्रदेश की मिट्टी से भरे लिफाफे सौंपे गए।

पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र 0.4 अभियान में महिलाओं का काफी उत्साह नजर आया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, स्वयंसेवी महिलाओं ने एकत्रित राखियों को सैनिक संगठन को सौंपा। बड़ी संख्या में पहुंची बहनों ने हजारों राखियां पूर्व सैनिक महासभा के सुपुर्द किया। वहीं उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को रक्षा सूत्र भी बांधा।

कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव ने इस तरह के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में तैनात भाइयों तक राखियां भेजने के लिए बहनों का प्रेम स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूर्व सैनिक संगठनों का अद्भुत और सराहनीय कार्य है।

सेना भवन पहुंचेगी राखियां

इस अभियान को लेकर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर राजेश शर्मा ने बताया कि सिपाही रक्षा सूत्र कार्यक्रम के तहत बीते 3 वर्षों में लाखों राखियां यहां से भेजी गई है। उन्होंने बताया कि यहां इस अभियान का यह चौथा वर्ष है। यहां से एकत्रित रक्षा सूत्रों को सैनिक महासभा द्वारा सेना भवन पहुंचाया जाएगा।

लाखों राखियां एकत्रित

एकत्रित रक्षा सूत्रों को सैनिक भाइयों तक पहुंचाने चलाए जा रहे इस अभियान के संयोजक एवं पूर्व सैनिक महासभा के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह राणा ने बताया कि तीन वर्षों में प्रदेशभर से 27 लाख 92 हजार रक्षा सूत्र देश की सीमा में तैनात भाइयों तक भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह भावना से जुड़ी हुई चीज है। इसमें बहनों के पत्र, मौली धागा और प्रदेश की मिट्टी होती है। उन्होंने बताया कि रक्षा सूत्र संग्रहण का अभियान बस्तर से शुरू हुआ है और बस्तर में बहनों के बीच रक्षा सूत्र भेजने काफी उत्साह भी नजर आया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों से एकत्रित इन रक्षा सूत्रों को सरहद पर तैनात भाई काफी प्रेम से अपनी कलाई पर बांधते हैं और लिफाफे में लिखे पत्र अथवा टेलीफोन नंबर पर संपर्क भी करते हैं।

सड़कों के उन्नयन के लिए गड़करी से मिले सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांसद संतोष पांडे गुरुवार को केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर सड़कों के उन्नयन व विकास के लिए मुलाकात की। सांसद पांडे ने केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना कोष से निर्माणाधीन राजनांदगांव से खैरागढ़ सड़क एवं राजनांदगांव से डोंगरगांव से मोहला-मानपुर सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूती करण हेतु राशि स्वीकृत करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

सांसद ने बताया कि वे केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष खैरागढ़-छुईखदान से कवर्धा तक की सड़क के मजबूती एवं चौड़ीकरण हेतु केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना कोष से राशि जारी करने की मांग रखी है। उक्त सड़क राजनांदगांव जिले से खैरागढ़ जिला होकर कवर्धा जिले को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है। उन्होंने बताया कि उन्होंने मंत्री से चर्चा के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 अंतर्गत धंवई (छग-मप्र बार्डर) से कवर्धा होते हुए सिमगा तक फोरलेन सड़क निर्माण कराए जाने से अवगत कराया। जिसकी लंबाई कुल 125 किमी है। यह मार्ग छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश दोनों राज्य को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। चिल्फी घाटी में आए दिन घंटों लंबा जाम लगता है। इसके चलते आवागमन बाधित होता है। राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त मार्ग में फोरलेन सड़क का निर्माण हो जाने से आवागमन सुगम हो जाएगा।

पौधारोपण कर दिया हरियाली-खुशहाली का संदेश

- आयुष पॉलीक्लीनिक में पौधरोपण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम एवं जहां हरियाली वहां खुशहाली का संदेश देते हुए बड़ी संख्या में पौधरोपण किया गया। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा नागरिकों को पर्यावरण व स्वास्थ्य संरक्षण के लिए पौधरोपण करने प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा जनमानस को योजना का लाभ लेने तथा सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नीम, कचनार, तुलसी, अमलतास, आंवला, कदम, अर्जुन, रीठा, हर्रा, मुनगा, बहेड़ा, शिकाकाई, अश्वगंधा, जामुन, पलाश, बेल सहित अन्य औषधी वनस्पति, फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण स्वच्छता, पौधरोपण एवं उनका संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम पारस वर्मा, जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा सहित अन्य पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

जितनी जरूरत उतना ही उपयोग करें: मुनि

राजनांदगांव। संसार में रहते हुए भी हम पाप से बच सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि हम कम से कम वस्तुओं का उपयोग करें और जितनी जरूरत हो उतना ही उपयोग करें। हम पेट भरने के लिए कमाते हैं, लेकिन हमें पेट भरने से ज्यादा कमाने के लिए भी कोई एतराज नहीं होता, भले ही इसके लिए हमें कुछ भी क्यों न करना पड़े।

हमें जो पसंद है, हम वही मानते हैं और जो पसंद नहीं उसे हम स्वीकार नहीं कर पाते। उक्त उद्गार गुरुवार सुबह ज्ञान बल्लभ उपाश्रय भवन में मुनि श्रेयांशप्रभ सागर ने अपने नियमित प्रवचन में व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि हमें संसार में रहते हुए पाप से बचना चाहिए और इसके लिए हमें जितनी जरूरत है, उतना ही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें जितनी पानी की जरूरत है, उतने का ही उपयोग करें। पानी में असंख्य जीव होते हैं, हमें इन जीवों की हत्या से बचना चाहिए। पानी को व्यर्थ में बर्बाद ना करें। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसी कई क्रियाएं हैं, जिसे ना कर या उसका उपयोग कम कर हम अनावश्यक पाप से बच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी तरह बिजली का उपयोग जितना कम कर सकते हैं, करें। हम खाने में भी अनावश्यक चीज बना लेते हैं। जबकि हम एक या दो वस्तु से भी काम चला सकते हैं। ज्यादा खाना बनाने से बर्बादी ही होती है। हमारे पास इतने कपड़े होते कि उनमें से कुछ कपड़े पड़े ही रहते हैं, यदि हम उन्हें जरूरतमंदों को दे दें तो कितना पुण्य होगा। इसके अलावा हम अनावश्यक दोष से भी बचेंगे।

मुनि श्रेयांश प्रभ सागर ने कहा कि हम अनावश्यक पाप छोड़ेंगे तो जो हमारा पुण्य व्यर्थ जा रहा है, वह बच जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पचकान करें कि आज मैं इतनी चीज का उपयोग करूंगा और कम से कम चीजों का ही उपयोग करें।

निगम ने नंदई-टांकापारा में की अतिक्रमण पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा यातायात में बाधित तथा बारिश का पानी निकासी में अवरोध अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को नंदई कोठारपारा रोड में अतिक्रणम की तैयारी को निगम आयुक्त जीआर मरकाम की उपस्थिति में जेसीबी से तोड़ा गया। वहीं आज गुरुवार को टांकापारा से रोड में रखे ठेले हटाए गए।

बारिश में साफ-सफाई की दृष्टिकोण एवं समुचित पानी निकासी के लिए नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता वार्डों में निरीक्षण कर निकासी में आए बाधा और आवागमन प्रभावित होने की दृष्टिकोण से अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। वहीं मलमा मंडप के तहत रोड व नाली जाम कर रखे बिल्डिंग मटेरियल एवं मलमा भी हटाने के साथ-साथ गंदगी फैलाने पर जुर्माना की कार्रवाई कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को नगर निगम आयुक्त श्री मरकाम के निर्देश पर नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ टीम ने पुराना बस स्टैंड रोड से टांकापारा रोड में सड़क एवं नाली के पास रखे 6 ठेला हटाए गए। वहीं नंदई कोठारपारा रोड में सड़क पर अतिक्रमण कर बीम डाला जा रहा था। जिसकी शिकायत पर आयुक्त की उपस्थिति में जेसीबी से तोड़ा गया।

यातायात बाधित होने की शिकायत

आयुक्त श्री मरकाम ने शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने सहयोग करने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करते कहा है कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगाएं। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार अतिक्रमण करने से पानी निकासी प्रभावित होती है। साथ ही सड़क में मलमा या मटेरियल रखने से गंदगी फैलती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्रवाई करेगी। उससे पूर्व हटा लें अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जाएगा।

साइंस कॉलेज में होंगे विद्यार्थी हितैषी नवाचार

कॉलेज में होगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी, महाविद्यालय के अधोसंरचना विकास तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण एवं दूरगामी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

बैठक को संबोधित करते जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसलिए महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी), व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित नवीनतम एवं उपयोगी पुस्तकों की खरीदी का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

बैठक में लिया निर्णय

बैठक में प्रो. अनिल चंद्रवंशी, एसआर कन्नौजे, विनोद डड्डा, नमिताभ जैन, सुरेंद्रपाल सिंह भाटिया, पंकज कुंजरेकर, आशीष सूरे, आलोक बिंदल, कोशल शर्मा, गीतेश गुप्ता, जैनम बैद एवं तरुण साहू की उपस्थिति रही। अंत में सदस्यों ने विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते महाविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

बेहतर संसाधन होंगे उपलब्ध

श्री सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय के विकास से जुड़ी विभिन्न स्वीकृत घोषणाओं एवं लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराना भी समिति की जिम्मेदारी है। प्रभारी प्राचार्य निर्मला उमरे ने समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की सराहना करते कहा कि इन निर्णयों के क्रियान्वयन से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने आभार व्यक्त करते महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 अगस्त 2026

खबर संक्षेप

राजयोगिनी मनोरमा दीदी का आज आगमन

राजनांदगांव। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका, प्रेरणादायी आध्यात्मिक वक्ता, संस्था के धार्मिक विंग की राष्ट्रीय संयोजिका, ब्रह्माकुमारीज प्रयागराज की निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मनोरमा दीदी का कल 7 अगस्त को राजनांदगांव आगमन हो रहा है। उनके सानिध्य में ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव द्वारा ज्ञान मानसरोवर परिसर में 7 अगस्त को विशेष योग तपस्या भट्ठी का आयोजन किया गया है।

ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने बताया कि मनोरमा दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम आध्यात्मिक उन्नति, आत्म-परिवर्तन और जीवन-मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारीज परिवार के सदस्य, राजयोग साधक तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। यह योग तपस्या भट्ठी सुबह 7 से रात्रि 8 बजे तक रहेगी।

19 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

राजनांदगांव। श्री रामायण प्रचारक समिति द्वारा विगत 83 वर्षों से परम श्रद्धेय संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष भी सर्वजन कल्याणार्थ व अध्यामिक चेतना को जागृत करने की भावना से सामूहिक रूप से भी रामचरित मानस का नवान्ह परायण 7 से 15 अगस्त तक, अखंड पाठ 16 अगस्त हवन पूर्णाहूति, 17 अगस्त को अनुष्ठान किया जाना है। 18 अगस्त को जिला स्तरीय शालेय मानस पर व्याख्यान माला प्रतियोगिता एवं 19 अगस्त को दोपहर 3 बजे गोस्वामी तुलसी दास जयंती पर भव्य शोभायात्रा अध्यक्ष पं. मिथलेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में निकाली जाएगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी मानस प्रेमी भाई-बहनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

पिछले एक पखवाड़े से मचे हंगामे के बीच पार्टी का बड़ा एक्शन

डोंगरगढ़ भाजपा की पूरी कार्यकारिणी भंग, 5 कार्यकर्ता पार्टी से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के राजनीतिक गलियारों में पिछले एक पखवाड़े से मचे हंगामे के बीच जिला भाजपा संगठन ने बड़ा एक्शन लिया है। डोंगरगढ़ शहर मंडल भाजपा में लंबे समय से उबल रही अंदरूनी खींचतान और असंतोष के बीच पार्टी ने पूरी कार्यकारिणी को ही भंग करने का आदेश जारी कर दिया है। वहीं पांच लोगों को पार्टी से निष्कासित करने का फैसला लिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से डोंगरगढ़ भाजपा इकाई में आंतरिक मतभेद चरम पर थे और स्थानीय स्तर पर गुटबाजी लगातार बढ़ती जा रही थी। विवाद की स्थिति तब और भी गंभीर हो गई, जब प्रिंस कक्कड़ के नेतृत्व में सवा सौ से अधिक निष्ठावान कार्यकर्ताओं और स्थानीय पदाधिकारियों ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा सौंपकर अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इस्तीफों के इस मामले से संगठन का ढांचा बुरी तरह चरमरा गया था और विरोधियों को भी तंज कसने का मौका मिल गया था। इसके बाद से ही डोंगरगढ़ की राजनीति गरमाई हुई थी और जिला व प्रदेश नेतृत्व पर इस गतिरोध को खत्म करने तथा कड़े फैसले लेने का भारी दबाव बना हुआ था। सूत्रो ने बताया कि जिन कार्यकत्ताओं ने इस्तीफा दिया था, उनका इस्तीफा भाजपा संगठन ने अस्वीकार भी कर दिया है।

खास बातें

- लंबे समय से चल रहा था शहर भाजपा में विवाद
- जिला भाजपा संगठन ने कार्यकर्ताओं का इस्तीफा अस्वीकारा

पार्टी ने की थी बैठक, नहीं सुलझा मामला, अब एक्शन

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ मंडल से भाजपा कार्यकर्ताओं के एक साथ इस्तीफा देने के बाद जिला संगठन भी हरकत में आ गया था। दो दिनों के भीतर ही डोंगरगढ़ में वरिष्ठ नेताओं के साथ ही नाराज कार्यकर्ताओं की एक बैठक भी की गई थी। उसके बाद भी मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा था। जिसके बाद जिला भाजपा के कोर ग्रुप में भी इस विषय पर चर्चा की गई और जिसके बाद यह बड़ा फैसला लिया गया है।

इन चेहरों को किया बाहर

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीन दौर की बैठक के बाद लिए गए निर्णय अनुसार पार्टी से प्रिंस कक्कड़, वीरेंद्र साहू, संतोष राव, मोंटी भाटिया और अनिल पांडे को पार्टी से निकाला गया है। मिली जानकारी के अनुसार इस्तीफा देने वाले कई कार्यकर्ता स्वतः ही अपना इस्तीफा वापस ले चुके हैं। ऐसे में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

नए सिरे से होगा मंडल भाजपा का गठन

इस बड़े फैसले के बाद से ही डोंगरगढ़ में भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच नए समीकरण बनने लगे हैं। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का दावा है कि इस कार्रवाई से पार्टी के भीतर अनुशासन कायम होगा और सही व समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। जिला भाजपा अब बहुत जल्द डोंगरगढ़ में नए सिरे से ऊर्जावान और निष्ठावान चेहरों को शामिल करते कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने की योजना बना रही है।

प्रदेश संगठन भी था सक्रिय

ज्ञात हो कि भाजपा प्रदेश संगठन भी इस मामले में लगातार मॉनिटरिंग कर रहा था और स्थानीय स्तर के हर एक घटनाक्रम की पल-पल की रिपोर्ट जुटा रहा था। प्रदेश संगठन का स्पष्ट मानना था कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर गुटबाजी या बगावत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य स्तरीय नेताओं की निरंतर निगरानी में यह तय किया गया कि संगठन को पटरी पर लाने के लिए बड़े पैमाने पर सफाई अभियान की जरूरत है। इसी रणनीति के तहत नवीन मार्कण्डेय की अनुशंसा पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने मंडल कार्यकारिणी को भंग करने तथा छह प्रमुख चेहरों को बाहर का रास्ता दिखाने का फरमान जारी कर दिया।

जिले में 42 हजार सदस्यों के कार्ड का केवाईसी नहीं राशन का आबंटन रूका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से हितग्राही परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी बीच फर्जी तरीके से राशन आबंटन को रोकने के लिए हितग्राही परिवारों के सभी सदस्यों को ई-केवाईसी कराने कहा गया था।

लगभग एक वर्ष बीतने के बाद भी जिले में अब तक लगभग 2 लाख 26 हजार राशन कार्डधारी परिवारों ने ही ई-केवाईसी कराया हुआ है, लेकिन लगभग 42 हजार सदस्यों का केवाईसी नहीं होने के चलते उनका राशन आबंटन रूका हुआ है। बताया जा रहा है कि केवाईसी नहीं कराने वाले परिवारों में अधिक संख्या एपीएल कार्डधारियों की है, जिन्होने केवाईसी कराने में रूचि नहीं दिखाई है।

रोका गया वितरण

जिन परिवारों का केवाईसी नहीं हुआ है, उनका राशन वितरण इस महीने से रोका गया है।

- **रविंद्र सोनी,** जिला खाद्य अधिकारी

ढाई लाख कार्डधारी

जिले में राशन कार्डधारी कुल परिवारों की संख्या 2 लाख 68 हजार है। जिसमें 9 लाख 66 हजार सदस्य शामिल हैं। इसमें लगभग 34 हजार एपीएल कार्ड के हितग्राही हैं। वहीं जिले में प्रतिमाह लगभग साढ़े 8 हजार मीट्रिक टन राशन का आबंटन सार्वजनिक वितरण प्रणाली की 498 दुकानों के माध्यम से होता है। केवाईसी नहीं कराने के चलते लगभग 42 हजार सदस्यों का आबंटन रोक दिया गया है।

थम और फेस से केवाईसी

जिला खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में केवाईसी नहीं करवाने वाले परिवारों के राशन का आबंटन रोका गया है। केवाईसी करवाने के बाद राशन का आबंटन शुरू हो जाएगा। बताया गया कि पीडीएस के राशन दुकानों में हितग्राही निःशुल्क थम और फेस कैप्चर के माध्यम से केवाईसी करा सकते हैं।

केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत 15 लाख की आर्थिक सहायता

डेढ़ दशक पहले नक्सल घटना में पति को गंवाया, पत्नी को मिले 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी इकाई के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवारों को शासन की योजना के तहत राहत एवं सहायता प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य स्व. गंगाराम की पत्नी श्रीमती रामसोबाई को शासन की ओर से कुल 15 लाख रुपए की केंद्रीय सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

मानपुर के अंतर्गत ग्राम सुडियाल में 22 मार्च 2010 को नक्सली घटना हुई थी। जिसमें गंगाराम की उनके घर के सामने ही हत्या कर दी गई थी। स्व. गंगाराम की पत्नी श्रीमती रामसोबाई को केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत कुल 15 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

अधिकारी रहे उपस्थित

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह द्वारा श्रीमती रामसोबाई को यह सहायता राशि प्रदान की गई। सुरक्षित भविष्य और आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से इस कुल राशि में से 12 लाख रुपए फिक्स डिपाजिट के रूप में तथा 3 लाख रुपए चेक के माध्यम से उन्हें सौंपे गए। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पवार, मुख्य लिपिक प्रशांत राहुल एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखा प्रभारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अवैध रूप से गांजा बिक्री, आरोपी पकड़ा गया

छुईखदान। अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 5 अगस्त को मुखबीर से सूचना मिली कि प्रकाश वर्मा अपने घर के बगल झाड़ियों में अवैध रूप से गांजा रखकर ग्राम खैरानवापारा में आम लोगों को अवैध धन अर्जित करने की नीयत से बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल आरोपी के घर बगल झाड़ियों में ग्राम खैरानवापारा में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया। आरोपी प्रकाश वर्मा 50 साल खैरानवापारा के कब्जे से एक सफेद-हरा रंग की प्लास्टिक की बोरी। जिसमें एक पालीथिन के अंदर एक प्लास्टिक के छोटे पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 54 पैकेट जिसका वजन 220 ग्राम एवं एक पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा 45 ग्राम जुमला वजन 265 ग्राम, एक सफेद-हरा रंग की प्लास्टिक की बोरी सहित वजन 335 ग्राम कीमती 2500 रुपए व बिक्री रकम 600 रुपए को कुल 3100 रुपए को जब्त किया गया।

⏩ शेष पेज 18 पर

छज्जा तोड़ने को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छज्जा तोड़ने से मना करने पर घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी अवधराम साहू 30 साल ग्राम टिपानगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी चचेरा भाई रामेश्वर साहू के साथ जमीन बंटवारा हो गया था, जो बंटवारे के बाद 18 जुलाई को उनके घर के छज्जा को तोड़ रहा था, जन्हिं प्रार्थी द्वारा मना करने पर उत्तेजित होकर आरोपी रामेश्वर साहू अपने पिता बिंझवार साहू के साथ मिलकर डंडा से प्रार्थी के घर घुसकर गाली-गलौज कर मारपीट किया। जसिसे प्रार्थी के बांये पैर अंगूठा में चोंट आया है।

पुलिस ने की कार्रवाई : रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में गैंदाटोला पुलिस ने विवेचना कर आरोपी बिंझवार साहू व रामेश्वर साहू को हिरासत में लेकर 5 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

कुकर्म का आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कुकर्म का आरोपी विगत चार वर्ष से फरार चल रहा था। जिसकी पतासाजी करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।पुलिस के अनुसार बागनदी पुलिस फरार आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर विगत 4 वर्षो से अपराध धारा 363, 366, 376 भादवि एवं धारा 4, 6 पाक्सो एक्ट के फरार आरोपी रमेश शास्त्री 34 वर्ष निवासी ग्राम धौराभांठा तहसील बिल्हा थाना हिर्री जिला बिलासपुर को 6 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया।

महापौर के निवास पर पालकी का भव्य स्वागत

वार्डों से निकली महाकाल की पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाबा श्री महाकाल की पालकी यात्रा का आयोजन बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर, तुलसीपुर एवं लेबर कॉलोनी क्षेत्र में बाबा श्री महाकाल की सावन पालकी यात्रा, भगवान चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में भक्तिपूर्ण एवं गरिमामय माहौल में हर्षोल्लास से निकाली गई।

बाबा श्री महाकाल चंद्रमौलेश्वर की दिव्य सवारी नगर भ्रमण हेतु पालकी यात्रा के रूप में दोपहर 2 बजे स्थानीय मोतीपुर वार्ड के गणेशपारा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, नवागांव शिव मंदिर होकर मोतीपुर वार्ड क्षेत्र अंतर्गत सुभाष क्लब, शीतलापारा होते हुए रेलवे अंडरब्रिज से ममता नगर, ठाकुर गुलाब सिंह मार्ग, लेबर कॉलोनी पहुंचकर तुलसीपुर संगम चौक में सावन पालकी यात्रा देर शाम विसर्जित हुई। यात्रा में महापौर मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा अध्यक्ष छग पर्यटन मंडल, निगम अध्यक्ष पारस टोपेन्द्र वर्मा, पार्षदगण सावन वर्मा, कमलेश बंधे, मनोहर यादव, संदीप बघेल सहित स्थानीय नेता मनीष जैन,

⏩ शेष पेज 12 पर

महापौर निवास में विशेष स्वागत, पूजा

मोतीपुर के शीतलापारा स्थित महापौर निवास में श्रीमती करूणा मधुसूदन यादव ने पुत्र रिभय यादव एवं शौर्य यादव सहित बाबा की पालकी का विशेष स्वागत किया और पूजा-अर्चना की। इस दौरान महापौर मधुसूदन के परिवारजन मदन मंटू यादव, राजेन्द्र यादव, नीलू यादव, संजय यादव, अजय यादव सहित वार्डवासी, राजेन्द्र जैन बंटू, अंकित गढवाल, प्रकाश साहू, चंदन राजपूत, अनिकेत यादव, करण कोसरे, प्रहलाद, लाला यादव, रोहित यादव, प्रशांत रजक, अंकित बघे, ऋषभमल, धरम यादव एवं अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

डोंगरिया में सौंदर्यीकरण हेतु 50 लाख की मिली प्रशासनिक स्वीकृति

■ अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने सीएम विष्णुदेव एवं क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

जिले के सुप्रसिद्ध जलेश्वर महादेव धाम के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक भावना बोहरा के अथक प्रयास एवं पहल पर 50 लाख रुपए की सौगात मिली है। जिले के जलेश्वर महादेव मंदिर परिसर ग्राम डोंगरिया में 10 मई को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन आयोजित हुआ था, जिसमें प्रदेश भर सामाजिक बंधु शामिल हुए थे। कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री गृह एवं पंचायत विभाग विजय शर्मा, पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित केंद्रीय मंत्री सांसद विधायक एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के गरिमा मय उपस्थिति में ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ।

ज्वालेश्वर महादेव धाम डोंगरिया को सौगात मिलने पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूनम चंद्राकर, राष्ट्रीय सचिव अंबिका चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव जयप्रकाश वर्मा, रवि वर्मा, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज जिलाध्यक्ष मुरली चंद्राकर, रामगोपाल वर्मा, सद्भावना वर्मा, भूपेंद्र चंद्राकर सहित अखिल भारतीय कुर्मी महासभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया।

फाइल फोटो

विभिन्न निर्माण कार्यों की मिली सौगात

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक भावना द्वारा अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की मांग की अनुरूप जलेश्वर महादेव मंदिर परिसर के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया था, जिसे आज पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने जलेश्वर महादेव धाम डोंगरिया के लिए 50 लाख रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जो निम्न प्रकार से है भव्य प्रवेश द्वार निर्माण हेतु 6 लाख रूपए महादेव मंदिर से बीटी रोड तक सीसी रोड निर्माण 14 लाख 7 सामुदायिक भवनों का जीर्णोद्धार, 10 लाख मंदिर मेला परिसर में जल संवर्धन पेयजल एवं टंकी निर्माण 5 लाख चेकर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक 10 लाख सोलर स्ट्रीट लाइट 5 लाख की सौगात मिली है।

खबर संक्षेप

कन्झेटा में किया गया साइकिल वितरण

कोलेगांव। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्झेटा में कक्षा 9वीं की छात्राओं को शिक्षा सत्र 2026-27 में निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। प्राचार्य संजय वैष्णव द्वारा मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा नवमी की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण के लिए स्कूल में साइकिल भेजा जाता है। वहीं कक्षा नवमी के कुल 35 छात्राओं को वितरण किया गया, जिसमें 9 छात्राएं अनुसूचित जाति वर्ग, 26 छात्राएं बीपीएल वर्ग से वितरित की गई वहीं साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि निःशुल्क साइकिल मिलने से विद्यालय आवागमन में सुविधा होती है, क्योंकि दूर-दराज के गांवों से लड़कियों पढ़ने के लिए आती है, साइकिल मिलने से नवप्रवेशी बच्चों के मन में पढ़ाई के प्रति उत्साह एवं उमंग बढ़ता है। इससे छात्राएं प्रत्येक स्कूल दिवस में विद्यालय में उपस्थित रहती है साथ ही उच्चतर शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ता है। साइकिल वितरण कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, सदस्य परस चंद्रवंशी, कलप चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, जगदीश साहू की उपस्थिति में वितरण किया गया। साथ ही सरपंच भागीरथी सोनवानी, संजय चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी, डाकोर साहू, अरुण साहू, बबलू चंद्रवंशी, विद्यालय से शिक्षक शिक्षिकाएं परमेश मरावी, हेमंत कश्यप, श्रीमती शिवानी दिनेश, पूनम, जलेश साहू, अर्जुन, मोहन शर्मा, गंगेश्वर व पालक गण सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

पुलिस ने पांच मामलों का किया खुलासा, आभूषण, बाइक व नगदी बरामद

वृद्ध महिलाओं से चेन स्नैचिंग, गिरोह का पर्दाफाश, छः आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने जिले में पिछले दो माह से वृद्ध महिलाओं को निशाना बनाकर चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छः आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, तीन मोटर साइकिल और नगदी सहित कुल 3.41 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की है। पुलिस ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज झपटमारी के पांच मामलों का खुलासा करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में साइबर थाना, थाना पिपरिया, थाना पांडातराई एवं चौकी पोड़ी की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरोह तक पहुंच बनाई। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले ग्रामीण क्षेत्रों में अकेली वृद्ध महिलाओं की रेकी करते थे। इसके बाद मोटर साइकिल से मुंह ढंककर पहुंचते और महिलाओं के गले से सोने-चांदी के आभूषण झपटकर फरार हो जाते थे। पूछताछ में मुख्य आरोपी नैनदास बंजारे, मनोज जांगड़े और राधेलाल चतुर्वेदी ने वारदातों को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि लूटे गए आभूषणों को नितिश बंशे, खेलन डहरिया और बबला डहरिया के माध्यम से खपाया जाता था। पुलिस ने तीनों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तीन मोटर साइकिल, लगभग छः ग्राम सोना, एक हजार रुपए नगद तथा अन्य सामग्री बरामद की है।

पांच मामलों में 3.41 लाख का मसरूका बरामद

पुलिस के अनुसार गिरोह ने थाना पिपरिया, थाना पांडातराई और चौकी पोड़ी क्षेत्र में वृद्ध महिलाओं से झपटमारी की पांच वारदातों को अंजाम दिया था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद साइबर सेल की मदद से तकनीकी जांच की गई, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा है कि इस कार्रवाई से जिले में चेन स्नैचिंग की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। वहीं 3.41 लाख रुपए का मशरूका बरामद सामग्री जिसमें 3 मोटर साइकिल (घटना में प्रयुक्त) लगभग 6 ग्राम सोने के आभूषण 1,000 रुपये नगद कुल अनुमानित कीमत 3.41 लाख रुपए को गिरोह के सदस्य लूटे गए आभूषणों को स्थानीय स्तर पर बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे। मामले की जांच में साइबर सेल, थाना पिपरिया, थाना पांडातराई और चौकी पोड़ी की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुल-पुलिया में जल भराव गड्ढों से हादसे का खतरा

■ ग्रामीणों ने की मरम्मत कार्य की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

जिले की कुकदुर तहसील अंतर्गत नेऊर से महीडबरा जाने वाली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क पर स्थित गिजर्रा नाला एवं कई नाला के पुलों की स्थिति इन दिनों जर्जर हो गई है।

दोनों पुलों के ऊपर सड़क उखड़ने से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बारिश का पानी और कीचड़ भर जाने से आवागमन जोखिम भरा हो गया है। इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल टॉवर के लिए केबल बिछाने के दौरान पुल के दोनों ओर कंक्रीट कर दी गई, जिससे वर्षा का पानी पुल से बाहर नहीं निकल पाता और पुल पर ही जमा हो जाता है। लगातार जलभराव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त होकर गड्ढों में तब्दील हो गई है।

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि दोनों पुलों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका समाप्त हो सके और क्षेत्रवासियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।।

भाजयुमो मण्डल कुण्डा ने सैहामालगी से भगतपुर तक निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

भाजयुमो मण्डल कुण्डा ने मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में एवं जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के उपस्थिति में ग्राम सैहामालगी से ग्राम भगतपुर तक 15 किलोमीटर तक निकली तिरंगा यात्रा भाजपा का हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अगस्त के दूसरे सप्ताह 9 से 15 अगस्त के दौरान देश भर में मनाया जाना है। राष्ट्रभक्ति का एक जन आंदोलन है इसके उद्देश्य नागरिकों के मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान जगाना है और उन्हें देश की एकता से जोड़ना है हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा का मूल-मंत्र हर घर तिरंगा हर दिल तिरंगा है। इसी अभियान के तहत युवा मोर्चा कुण्डा ने एक दिवसीय तिरंगा यात्रा निकली गई। जिसमें जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा उमंग पाण्डेय के निर्देशानुसार बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में रूपेश जैन के दिशा-निर्देश में एवं युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कुण्डा देवेंद्र चंद्रवंशी के कुशल नेतृत्व में भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के गरिमा मय उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना पश्चात एक दिवसीय तिरंगा यात्रा निकली। यह तिरंगा यात्रा सैहामालगी से प्रारंभ होकर सोमनापुर, भट्टरूसे, कुंआमालगी, कंझेटा, मोहतरा होते हुए भगतपुर में समापन हुआ।

खैरवार-बोडतरा मार्ग बदहाल, ग्रामीणों का अनोखा प्रदर्शन

■ ग्रामीणों ने गड्ढों में बेसरम का पौधा लगाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत खैरवार से बोडतरा जाने वाले मुख्य मार्ग पूरी तरह से खस्ताहाल एवं जर्जर और छोटे-बड़े गड्ढों में तब्दील सड़क के विरोध में ग्रामीणों द्वारा बुधवार को एक अनोखा प्रदर्शन कर बेशरम का पौधा लगाया गया। वहीं शासन प्रशासन व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को संदेश पहुंचाने के लिए सड़कों पर उतरे।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से जर्जर व खस्ताहाल सड़क में जलभराव से ग्रामीण व राहगीर को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं जिम्मेदारों को कई बार शिकवा-शिकायत करने के बावजूद सड़क की मरम्मत कार्य नही होने से क्षेत्रवासियो में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वहीं प्रदर्शन कर लोगों ने मांग की है कि खैरवार-बोडतरा मार्ग की तत्काल सुधार व मरम्मत कार्य कर सड़क को आवागमन योग्य बनाया जाए साथ ही साथ ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे उग्र जन-आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान उत्तरा दिवाकर, धनु यादव, रोहित दिवाकर, समीर सोनकर, जलेश सोनकर, चरणदास भास्कर, आकाश सोनवानी, टेकलाल भास्कर, मनोहर चंद्राकर, कमल सोनकर, पंचू, सुखराम, सूर्य सोनकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

कुण्डा। मेरा युवा भारत, कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान 2026 के अंतर्गत नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी राज पटेल के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक रोहित रजक (पंडरिया ब्लॉक) के नेतृत्व में नवीन शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम हुआ संपन्न। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परषोत्तम निर्मलकर, अध्यक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति, नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामचन्द्र कुम्भकार (सहायक ग्रेड-1), अंजु रजक एवं सौरभ धावलकर उपस्थित थें। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में चंद्रा यादव ने प्रथम, गामेश्वरी चंद्राकार ने द्वितीय तथा गायत्री चंद्राकार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में मंजु देवांगन प्रथम एवं गरिमा साहू द्वितीय स्थान पर रहीं। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से स्वच्छ परिसर, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया।

रोजगार, मजदूरी भुगतान जैसे प्रमुख विषय पर सरपंच हो रहे प्रशिक्षित

सरपंचों का चार दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम पर जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण 4 से 7 अगस्त तक जिला पंचायत संसाधन केंद्र डंगनिया में आयोजित किया। इस दौरान जनपद पंचायत कवर्धा, बोडला, सहसपुर लोहारा एवं पंडरिया क्षेत्र के सरपंचों को नई योजना के सभी जरूरी उपबंधों से परिचित कराया जा रहा है।

ग्रामीणों को 125 दिवस का रोजगार देने की कार्य योजना, ग्राम पंचायतो में कार्यो की पहचान, परिसंपत्तियों का निर्माण, ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करने की व्यवस्था, मजदूरी भुगतान की प्रणाली, पारदर्शिता एवं युक्त धारा पोर्टल सहित सभी जरूरी विषय पर ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य विकसित भारत जी-राम-जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनप्रतिनिधियों की क्षमता का विकास करना तथा ग्राम स्तर पर योजना के सफल संचालन हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने सरपंचों को योजना के नवीन प्रावधानों से अवगत कराया। सभी को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है और यह तभी संभव है जब ग्राम पंचायत इस अभियान में शामिल होकर विकसित हो सके। सभी सरपंचों से आह्वान किया कि वे पूरी ऊर्जा के साथ नवीन योजना में कार्य करे और अपने गांव को विकास की मुख्य धारा से जोड़े। एनएमएमएस के द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस, युक्त धारा पोर्टल के माध्यम से कार्यों की स्वीकृति, समय पर मजदूरी भुगतान जैसे महत्वपूर्ण विषय की जानकारी दी गई।

सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि पुराने महात्मा गांधी नरेगा योजना में अनेकों जनकल्याणकारी संशोधन करते हुए केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी-राम-जी योजना को लागू किया है। जो जिले में 2 जुलाई 2026 से प्रभावशील हो चुकी है। प्रशिक्षण के दौरान योजना के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी विनायक गुप्ता, समन्वयक तकनीकी अशोक झारिया एवं कार्यक्रम अधिकारी लवकेश मरकाम द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में सरपंच उपस्थित थें।

कांवड़ यात्रा: शिव भक्तों ने अमरकंटक में व्यवस्था के लिए जताया डिप्टी सीएम का आभार

लगातार प्रयासों से अंचल के कांवड़ियों को मिल रही है सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भगवान भोलेनाथ की भक्ति का प्रमुख सावन मास चल रहा है और कबीरधाम जिले के शिवभक्त अपनी वर्षो पुरानी सनातनी परम्परा का पूरी श्रद्धा, भक्ति के साथ निर्वाहन करते हुए मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से कवर्धा तक की पवित्र कांवड़ यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहें है। एक अनुमान के मुताबिक हर साल की तरह इस साल भी जिले के हजारों शिवभक्त इस पवित्र कांवड़ यात्रा में शामिल होंगे।

यहां बताना लाजिमी होगा कि भक्ताओं की इस श्रद्धा, भक्ति को देखते हुए शासन-प्रशासन, स्वयं सेवी संस्थाओं और विभिन्न समाजों द्वारा इन कांवड़ यात्रियों के लिए कई सुविधाएं मुहैया कराई है। कवर्धा विधायक और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सहयोग से कांवड़ियों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मृत्युंजय आश्रम में व्यापक एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं की गई हैं। आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन, शुद्ध पेयजल, विश्राम, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे हजारों कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान राहत और सुविधा मिल रही है।

मृत्युंजय आश्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंच रहे कांवड़ियों का आत्मीय स्वागत किया जा रहा है। इसके अलावा अमरकंटक से कवर्धा तक की करीब 150 किलो मीटर की कांवड़ यात्रा में शामिल कांवड़ियों के लिए मार्ग के कई चिन्हांकित स्थानो में रूकने की शानदार व्यवस्था की गई है। माना जा रहा है कि इन सुविधाओं के साथ कांवड़ियों की कठिन पदयात्रा काफी हद तक सुविधाजनक हो गई है।

मृत्युंजय आश्रम में कांवड़ियों का किया जा रहा आत्मीय स्वागत

इसी क्रम में कवर्धा के ग्राम मोतीयारी और चिमरा के ग्रामीण भक्तिभाव से अमरकंटक पहुंचे जहां उन्होंने उत्कृष्ट व्यवस्था का लाभ लिया। ग्राम मोतीयारी के ईश्वर जायसवाल ने कहा कि पहले जब कावड़ यात्रा होती थी, हर व्यवस्था के लिए तरस जाते थे बॉर्डर पर भी समस्या होती थी, अब उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से हर जगह पर उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो रहीं है। अमरकंटक में स्थित मृत्युंजय आश्रम में ठहरने, भोजन करने और विश्राम करने की समुचित व्यवस्था के साथ सेवा में जुटे स्वयंसेवक पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ यात्रियों की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सहयोग से उन्हें यात्रा के दौरान सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण में सभी आवश्यक सुविधाएं मिल रही हैं।

जिले में अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं असामाजिक तत्वों पर की कार्रवाई

- जिले में 9 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

थाना कवर्धा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने, सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने एवं शराब पीने के लिए स्थान उपलब्ध कराने वाले 09 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

इस संबंध में कवर्धा कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अपराध क्रमांक 310/2026 के तहत धारा 36(सी) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत आरोपी राजेश यादव आयु 35 वर्ष निवासी हटरीपारा रोड, कवर्धा के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। आरोपी द्वारा अवैध रूप से लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी।

पुलिस ने मौके से 90 मिलीलीटर की 40 पाव देशी शराब जप्त की, इसी प्रकार थाना पांडातराई पुलिस ने अपराध क्रमांक 102/2026 में धारा 34(1)(ख) आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी नंदकुमार पटेल आयु 33 वर्ष निवासी ग्राम कांपा के कब्जे से 3000 मिलीलीटर लगभग 17 पाव महुआ शराब, जिसकी कीमत 600

रुपए तथा 100 रुपए नगद जप्त किए। वहीं अपराध क्रमांक 103/2026 में धारा 34(1)(ख) आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी जलेश्वर यादव आयु 22 वर्ष निवासी ग्राम कांपा के कब्जे से 3000 मिलीलीटर लगभग 17 पाव महुआ शराब, जिसकी कीमत 600 रुपए, तथा 50 रुपए नगद जप्त किए गए। थाना पंडरिया पुलिस ने अपराध क्रमांक 158/2026, 159/2026 एवं 160/2026 में धारा 36(च) आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी योगेश टोंडे, अजय गायकवाड़ एवं भूपेंद्र बांजरे के विरुद्ध सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के आरोप में वैधानिक कार्रवाई की। थाना बोड़ला पुलिस ने अपराध क्रमांक 94/2026 एवं 95/2026 में धारा 36(च) आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी अजय साहू एवं गुरुदत्त मरार के विरुद्ध सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के आरोप में कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त अपराध क्रमांक 96/2026 में धारा 36(सी) आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी शिवा पटेल आयु 25 वर्ष के विरुद्ध लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया गया।

इसी तारतम्य में थाना सहसपुर लोहारा पुलिस टीम के द्वारा 06 जुआरियों को जुआ खेलते रंगे, हाथों गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से नगदी रकम 2430/ रूपये, 52 पत्ती तास 01 नग प्लास्टिक की फट्टी जप्त कर छत्तीसगढ़, जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

कबीरधाम पुलिस की आम जनता से अपील

कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील है कि अपने आसपास होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समाज में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

खबर संक्षेप

8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्ति ग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम महली निवासी मीत चंद्राकर की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पिता घनश्याम चंद्राकर को, और ग्राम अमलीडीह निवासी पुन्नीराम पटेल सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनकी पत्नी संगीताबाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से मिल रही सुविधा

कवर्धा। कभी बैंक का छोटा-सा काम भी गांव के लोगों के लिए पूरे दिन का सफर बन जाता था। पैसा निकालना हो, जमा करना हो या किसी सरकारी योजना की राशि प्राप्त करनी हो, इसके लिए शहर तक जाना पड़ता था। आने-जाने का खर्च अलग और मजदूरी का नुकसान अलग। लेकिन अब यह तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू किए गए अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र ग्रामीणों के जीवन में नई सुविधा और नया विश्वास लेकर आए हैं। कबीरधाम जिले के ग्राम राजानवागांव निवासी श्रीमती गायत्री निर्मलकर के जीवन में भी अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ने बड़ा बदलाव लाया है। उनके पति नोहर निर्मलकर मजदूरी और कपड़े प्रेस करने का कार्य करते हैं। परिवार की आय सीमित होने के कारण बैंक संबंधी कार्यों के लिए शहर जाना उनके लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन जाता था। कई बार बैंक जाने के कारण पूरे दिन की मजदूरी भी छूट जाती थी। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।

बोड़ला नगर की बेटी चीन में खेलेगी जूनियर एशिया कप

गीता यादव का भारतीय हॉकी टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला के अमलीपारा वार्ड की होनहार खिलाड़ी गीता यादव जय हिन्द हॉकी क्लब ने क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है।

गीता का चयन 30 अगस्त से 13 सितंबर तक चीन में आयोजित होने वाले महिला जूनियर हॉकी एशिया कप 2026 के लिए घोषित 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में हुआ है। बेल्जियम, नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना और यूनाइटेड किंगडम के दौरों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकीं गीता अब एशिया कप में एक अनुभवी खिलाड़ी के तौर पर मैदान में उतरेंगी। गीता यादव की इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही जय हिन्द हॉकी क्लब की तीन अन्य खिलाड़ियों में यशोदा मेरावी, दामिनी खुसरो और रुखमणी खुसरो का चयन छत्तीसगढ़ राज्य टीम में हुआ है।

ये खिलाड़ी 12 से 23 अगस्त तक पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाली 16वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

उल्लेखनीय है कि यशोदा और दामिनी खेलो इंडिया एथलीट के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी हैं, जबकि रुखमणी गत वर्ष राज्य टीम की कमान संभाल चुकी हैं। ये तीनों खिलाड़ी अब गीता यादव के पदचिन्हों पर चलते हुए भारतीय जूनियर टीम में अपनी दावेदारी मजबूती से पेश कर रही हैं। इसके अतिरिक्त, कस्तूरबा विद्यालय बोड़ला की छात्रा हेमलता मेरावी का चयन खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर के लिए हुआ है, जिस पर विद्यालय की अधीक्षिका श्रीमती ललिता तारा अनंत ने हर्ष व्यक्त किया है।

खेल जगत के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

खिलाड़ियों की इन शानदार उपलब्धियों पर जय हिन्द हॉकी क्लब के संरक्षक एडवोकेट उत्तम यादव, शुभम केशरवानी, खिलेश ठाकुर, जय हिन्द फुटबॉल क्लब के कोच डोमेंद्र रावटे, कवर्धा हॉकी कोच शैलेंद्र वर्मा तथा गजेंद्र पाठक ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

रंग लाया निःशुल्क प्रशिक्षण

बोड़ला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की यह नींव शिवसिंह चौहान द्वारा निःस्वार्थ सेवा भाव से रखी गई थी। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान में कोच हिमांशु चंद्रवंशी प्रतिदिन सुबह-शाम बच्चों को निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण दे रहे हैं। जय हिन्द हॉकी क्लब में इस समय 30 से 40 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं, जिनमें से अधिकांश कस्तूरबा विद्यालय बोड़ला की छात्राएं हैं। गीता यादव और वरिष्ठ खिलाड़ी नियमित रूप से नए खिलाड़ियों के साथ अभ्यास कर अपना अनुभव साझा करती हैं। कोच हिमांशु चंद्रवंशी ने बच्चों को खेल हेतु निरंतर प्रेरित करने के लिए कस्तूरबा विद्यालय की अधीक्षिका श्रीमती ललिता तारा अनंत का आभार जताया है।

दुर्ग संभाग में शिक्षकों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने की मांग, संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़, शिक्षा संभाग दुर्ग ने प्रदेश संयोजक चेमन साहू और प्रदेश सचिव जितेंद्र दहाट के नेतृत्व में संभागीय उप संचालक श्री शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर राज्य के शासकीय विद्यालयों में लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने की मांग की है।

इस अवसर पर कबीरधाम जिले से नदीम खान, रमेश रावत, टेकेश भट्ट, तारकेश्वर टंडन, सुशील मरावी, भुनेश भट्ट, छन्नू कौशिक, संतोष देवांगन, हेमराज जांगड़े, तुलाराम सागर, कौशल कश्यप, दिलीप निषाद, झामन रत्नाकर, सुरेंद्र पटेल, हरदेव तुर्का ने सहित बड़ी संख्या में टीईटी शिक्षक उपस्थित रहे। संघ के अनुसार दुर्ग संभाग में सहायक शिक्षक से शिक्षक एवं शिक्षक से मिडिल प्रधान पाठक के सैकड़ों पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं, जिसके कारण विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन प्रभावित हो रहा है और पात्र शिक्षकों में निराशा बढ़ रही है। संघ ने मांग की कि अंतिम वरिष्ठता सूची का शीघ्र प्रकाशन हो, डीपीसी की बैठक आयोजित कर दोनों संवर्गों की पदोन्नति की जाए, विषयवार रिक्त पदों व शालाओं की जानकारी सार्वजनिक की जाए, काउंसिलिंग की तिथि समय पर जारी हो तथा माननीय सुप्रीम कोर्ट के 01 सितम्बर 2025 के निर्णय अनुसार केवल पात्र शिक्षकों का सीआर मंगाकर पदोन्नति प्रक्रिया पूरी की जाए।

संघ ने कहा कि पदोन्नति शिक्षकों का संवैधानिक अधिकार होने के साथ-साथ शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। यदि समय रहते मांगों पर कार्यवाही नहीं हुई तो संघ चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।

सीमा पर तैनात वीर जवानों के लिए रवेली स्कूल की छात्राओं ने भेजी 300 राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶बिजई

शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, स्काउट-गाइड एवं छात्राओं द्वारा राष्ट्रव्यापी देशभक्ति अभियान ऑपरेशन सिपाही-रक्षा सूत्र 2026 के तहत बुधवार को रक्षा सूत्र संग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने हाथों से तैयार की गई 300 राखियां देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों को भेजने के लिए समर्पित कीं। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संग्रहित रक्षा सूत्र पूर्व सैनिक महासभा सिपाही संगठन के पदाधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह राणा को सौंपे जाएंगे, ताकि उन्हें देश की सीमाओं पर तैनात जवानों तक पहुंचाया जा सके।

छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से तैयार की गई राखियों के माध्यम से सैनिकों के प्रति अपना सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय के प्राचार्य जोध्या राम बंजारे ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सेवा और त्याग की भावना का विकास करना है।

वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी जितेन्द्र कुमार राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऑपरेशन सिपाही-रक्षा सूत्र केवल राखी भेजने का अभियान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सेवा, त्याग और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस पहल से युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और देशभक्ति की भावना और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम में व्याख्याता वीरेंद्र कुमार शर्मा, विजय कुमार चंद्रवंशी, किशन लाल सत्यवंशी, सुश्री राधिका मंडावी, श्रीमती भावना साहू, मनोहर सिंह धुर्वे, पूनम नाथ योगी सहित स्वयंसेवक टाकेश्वरी, दिव्या, जैस्मीन, प्रियंका, लक्ष्मी, नियति, खिलेश्वरी, चेतना, पायल, रिंकी, अंजली, रोशनी एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की समृद्ध लोक कला, लोक संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रभावी पहल कर रही है। इसी कड़ी में संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय द्वारा मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2026 के अंतर्गत प्रदेश के लोक कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य पारंपरिक लोक कलाओं को संरक्षित करना, लोक कलाकारों को आर्थिक सहयोग प्रदान करना, उनकी कला को नई पहचान दिलाना तथा सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। योजना के अंतर्गत लोक नृत्य, लोक संगीत, लोक नाट्य, लोकगाथा, छत्तीसगढ़ी गीत लेखन, पारंपरिक वाद्ययंत्र वादन, शिल्प कला, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक पाक कला तथा छत्तीसगढ़ी सौंदर्य कला (श्रृंगार) से जुड़े कलाकार आवेदन कर सकते हैं।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

आईटीआई कॉलेज में युवाओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत कवर्धा द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत गुरुवार को शासकीय आईटीआई कॉलेज, कवर्धा में स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों और महाविद्यालय के स्टाफ ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि मेरा युवा भारत, कवर्धा द्वारा 1 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक जिले में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत जिले के चारों विकासखंड कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला एवं सहसपुर लोहारा में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

विद्यार्थियों ने समझा स्वच्छता का महत्व

शासकीय आईटीआई कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए अपने परिसर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित युवाओं ने स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि दैनिक जीवन की आदत बनाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी राज पटेल, महाविद्यालय के स्टाफ, पंडरिया विकासखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रोहित रजक एवं गगन सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

56 कांवड़ियों का जत्था मंडला रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फीघाटी

सावन माह में भगवान भोलेनाथ की आराधना के बीच बुधवार को चिल्फी में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति, चिल्फी के तत्वावधान में लगातार 28वें वर्ष पवित्र नर्मदा जल लाने के लिए 56 कांवरियों का जत्था मंडला के लिए रवाना हुआ। यात्रा के सुचारु संचालन एवं श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 8 सदस्यीय सेवक दल भी उनके साथ भेजा गया है। रवाना होने से पहले मां सिंहवाहिनी दुर्गा मंदिर परिसर में भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद समिति पदाधिकारियों, ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने कांवरियों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा करते हुए उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदाई दी।

इस दौरान पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव, बोल बम और जय भोलेनाथ के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। समिति के सदस्यों ने बताया कि मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति पिछले 28 वर्षों से इस धार्मिक परंपरा का निर्वहन कर रही है। कांवरिये मंडला से पवित्र मां नर्मदा का जल लेकर लगभग 110 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी करते हुए पांचवें दिन चिल्फी पहुंचेंगे। यहां सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित भगवान शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। जलाभिषेक के उपरांत क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, शांति एवं जनकल्याण की कामना को लेकर विशेष पूजा-अर्चना संपन्न होगी।